


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष शुक्ल 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 111 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ नए साल में भारत होगा आशावादी बाजार

वनडे सीरीज में हार्दिक पांड्या-जसप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम ◂◂ 6




# मुख्यमंत्री हेमंत आज 1910 अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति पत्र



**संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सीजीएल परीक्षा में चयनित 1910 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मोरहाबादी मैदान में दोपहर दो बजे आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव समेत कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसमें सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 847, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के 191, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के 249, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के 170, अंचल निरीक्षक-सह-कानूनगो के 178, कनीय सचिवालय सहायक के 288 और प्लानिंग असिस्टेंट के चार पदों पर चयनित अभ्यिर्थयों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।


उल्लेखनीय है कि सामान्य स्नातक योग्याधारी संयुक्त प्रतियोगिता 2023 के तहत 21 और 22 सितंबर को परीक्षा ली गयी थी। कुछ लोगों ने परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देकर परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर रोक लगा दी थी। तीन दिसंबर को हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक हटाते हुए याचिका का निष्पादन कर दिया था। इसके बाद जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था।



# लोकभवन में सीएम हेमंत और विधायक कल्पना सोरेन ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू ने मंगलवार सुबह लोकभवन(राजभवन) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट वार्ता थी। इसके बाद राष्ट्रपति लोकभवन से गुमला के लिए रवाना हो गईं, यहां वे रायडीह प्रखंड में आयोजित अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को जमशेदपुर शहर के बाहरी इलाके करनाडीह में दिशोम जाहेर थान प्रांगण में संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह और 22वें संथाली 'पारसी महा' (भाषा दिवस) को संबोधित किया।



## बीजेपी की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे, कोलकाता में गरजे अमित शाह

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर तीखा हमला बोला है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 15 साल में बंगाल भ्रष्टाचार और घुसपैठ का शिकार हुआ है। शाह ने कहा कि 2026 में यहां भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकाला जाएगा, विकास को तेज किया जाएगा और बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जाएगा।

शाह ने कहा कि बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति और सुरक्षा को बचाने के लिए बंगाल की सीमाओं को सील करने वाली सरकार जरूरी है। शाह ने दावा किया है कि यह काम टीएमसी नहीं, बल्कि भाजपा कर सकती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 15 अप्रैल 2026 के बाद जब बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी तब बंगाल की संस्कृति और उसके पुनर्जागरण की हम शुरूआत करेंगे। हम बंगाल की जनता से वादा करते हैं कि भाजपा सरकार बनने पर यहां विकास की गंगा फिर तेजी से बहेगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देंगे।

बता दें कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना लगभग तय है। यहां कुल 294 सीटें हैं, टीएमसी की सरकार है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन, पीएम ने जताया शोक




**ढाकाः** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। उनके बेटे तारेक रहमान, जो स्वेच्छा से ब्रिटेन में निर्वासन में चले गए थे, चुनाव लड़ने और अपनी बीमार मां को देखने के लिए हाल ही में स्वदेश वापस लौटे थे। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था।

पार्टी अधिकारियों ने कहा कि बेगम जिया को 23 नवंबर को दिल और फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें निमोनिया भी था और हाल के दिनों में उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। एक बयान में बीएनपी ने कहा कि बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का आज सुबह 6 बजे फज्र की नमाज के तुरंत बाद निधन हो गया। उनकी मौत एक युग का अंत है और इससे उनकी पार्टी को चुनावी अभियान में मदद मिलने की संभावना है, क्योंकि दिवंगत नेता के प्रति मतदाताओं की सहानुभूति बढ़ने की उम्मीद है। उनके पति जनरल जिया उर रहमान एक स्वतंत्रता सेनानी और देश के पूर्व सैन्य शासक थे। बेगम जिया दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं, पहली बार 1991 से 1996 तक और फिर 2001 से 2006 तक और वह लोकतांत्रिक चुनाव के माध्यम से इस पद पर आसीन होने वाली देश की पहली महिला थीं। अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ उन्होंने बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य पर अपना दबदबा कायम रखा और दशकों तक उनकी प्रतिद्वंद्विता ने देश के शासन और राजनीति को प्रभावित किया।

कल ढाका में होगा अंतिम संस्कारः पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का अंतिम संस्कार बुधवार को राजधानी के मानिक मियां एवेन्यू में होने का अनुमान है। प्रोथोम आलो ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि खालिदा जिया का नमाज-ए-जनाजा बुधवार को ढाका के मानिक मियां एवेन्यू में हो सकता है। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था।

### संयुक्त राष्ट्र में रचा गया इतिहास

## पहली बार यूएन चीफ गुतारेस ने हिंदी-उर्दू में जारी किया नववर्ष संदेश



**नई दिल्लीः** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पहली बार वर्ष 2026 के लिए अपना नववर्ष संदेश हिंदी और उर्दू सहित कुल 11 भाषाओं में जारी किया है। यह संदेश संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाओं अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश के अलावा हिंदी और उर्दू में भी उपलब्ध कराया गया है। उनके वीडियो संदेश में हिंदी सबटाइटल भी शामिल किए गए हैं। नववर्ष के अवसर पर गुतारेस ने विश्व नेताओं से युद्ध और विनाश के बजाय विकास में निवेश करने का सशक्त आह्वान किया। उन्होंने कहा, दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। हर ओर अराजकता और अनिश्चितता है। लोग पूछ रहे हैं क्या नेता सच में सुन रहे हैं और क्या वे कार्रवाई के लिए तैयार हैं?

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बताया कि दुनिया की एक-चौथाई से अधिक आबादी संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रह रही है, जबकि 20 करोड़ से ज्यादा लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध, आपदाओं और उत्पीड़न के कारण करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित हो चुके हैं। गुतारेस ने बढ़ते सैन्य खर्च पर चिंता जताते हुए कहा कि वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यदि यही रुझान जारी रहा तो यह खर्च 2035 तक 6.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह राशि वैश्विक विकास सहायता से 13 गुना अधिक है और पूरे अफ्रीका महाद्वीप की जीडीपी के बराबर है।

उन्होंने कहा, इस नए साल पर हमें संकल्प लेना होगा कि हमारी प्राथमिकताएं सही हों। एक सुरक्षित दुनिया की शुरूआत गरीबी के खिलाफ अधिक निवेश और युद्धों के खिलाफ कम निवेश से होती है। शांति का शासन होना चाहिए। गौरतलब है कि 2018 में भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच हिंदी परियोजना को लेकर एक समझौता ज्ञापन हुआ था, जिसके तहत संयुक्त राष्ट्र की खबरों और संदेशों का हिंदी में प्रसारण किया जा रहा है।

# अल्मोड़ा में बड़ा हादसा, अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बस, सात की मौत



**नैनीतालः** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में मंगलवार सुबह एक यात्री बस खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत की खबर है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट आईपीएस अर्पण यदुवंशी ने बताया कि जिला नियंत्रण केंद्र अल्मोडा के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है कि भिकियासैंण से रामनगर जा रही एक यात्री बस विनायक क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई है, बस में लगभग 17-18 यात्री सवार बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त दुर्घटना में 06-07 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत होने की सूचना है जबकि अन्य घायल यात्रियों को उपचार के लिए भिकियासैंण के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुंबई में बस हादसा, 4 की मौत, 9 घायल, सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान



**मुंबईः भांडुप (पश्चिम)** रेलवे स्टेशन के पास बीती रात इएरळ इलेक्ट्रिक बस से बड़ी दुर्घटना हुई। इस दुखद घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। बस बैक करते समय ये हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड, बेस्ट के कर्मचारियों ने राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

पीएम मोदी ने घटना पर दुख जतायाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा,'मुंबई के भांडुप में हुए हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना. घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों।' जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे बस को बैक करते समय अचानक अनियंत्रित हो गई। इस दौरान अचानक बस की स्पीड बढ़ गई और फुटपाथ और सड़क के किनारे खड़े पैदल चलने वालों को कुचल दिया।

कुछ ही सेकंड में घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल है।घायलों को तुरंत पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और कुछ का इंटेंसिव केयर यूनिट में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस, फायर ब्रिगेड, बेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन और 108 एम्बुलेंस सर्विस मौके पर पहुंची। घायलों को बचाया गया और तुरंत इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया. हादसे के चलते इलाके में कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। हादसे के बाद पुलिस ने बस ड्राइवर संतोष सावंत (52) को हिरासत में ले लिया है और शुरूआती जांच चल रही है. यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि बस में कोई टेक्निकल खराबी थी या फिर ड्राइवर की लापरवाही वजह थी।

## भारत-बांग्लादेश में बढ़ा तनाव, ढाका ने दिल्ली से अपना उच्चायुक्त वापस बुलाया



**नई दिल्लीः** भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने अपने भारत में तैनात उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह को आपात आधार पर ढाका बुला लिया है। उन्हें मंगलवार रात ही ढाका पहुंचते देखा गया। इसका कारण दोनों देशों की हालिया खटास और तनावपूर्ण स्थिति है। विश्लेषकों की राय में इस कदम से साफ संकेत मिलता है कि दोनों देशों की राजनयिक बातचीत फिलहाल संतुलित स्थिति में नहीं है। हालांकि उच्चायुक्त को बुलाना हमेशा नकारात्मक ही नहीं होता यह दोनों पक्षों के बीच मामले पर गहन चर्चा और समाधान निकालने की कोशिश भी हो सकती है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने आपात बुलावा जारी कर रियाज हमीदुल्लाह को ढाका बुलाया, ताकि भारत-बांग्लादेश रिश्तों की वर्तमान स्थिति और दोनों देशों के बीच बढ़ते मतभेदों पर चर्चा की जा सके। 2025 के अंत में भारत-बांग्लादेश संबंधों में खटास बढ़ी है। भारत ने सुरक्षा और कंसुलर कारणों से बांग्लादेश में स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। उस निर्णय से बरामद वित्तीय वीजा सेवाओं पर असर पड़ा, जिससे ढाका की नाराजगी बढ़ी। शरीफ उस्मान हादी की हत्या और विवादः बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद यहाँ राजनीतिक और सामाजिक तनाव फैल गया। इस मामले को लेकर दोनों देशों में संवेदनशील कूटनीतिक वातावरण उत्पन्न हुआ है, जिसे सुलझाने के लिए उच्चायुक्त को बुलाया गया माना जा रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जीएम से कंबल उपलब्ध कराने की मांग

**पिपरवार:** हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल ने पिपरवार महाप्रबंधक को पत्र लिख कर जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि कोयलांचल से जुड़ी पंचायतों में अभी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गरीब-असहाय लोगों के पास ठंड से बचाव का पर्याप्त साधन नहीं है। ऐसे में प्रबंधन सीएसआर योजना के तहत उनके लिए कंबल उपलब्ध कराये।

### लपरा कोलपारा में मुखिया ने बांटे कंबल

**मैक्लुस्कीगंज:** खलारी प्रखंड अंतर्गत लपरा पंचायत के कोलपारा में कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया पुतुल देवी ने बताया कि नावाडीह निवासी भोला प्रसाद द्वारा कंबल की व्यवस्था की गयी थी। जिसे कोलपारा में 50 असहाय, बुजुर्गों व जरूरतमन्दों के बीच वितरित किया गया।

### पुलिस ने घरों में चोरी के हाफ पेंट गिरोह का किया भंडाफोड़, 9 आरोपी गिरफ्तार



**बोकारो :** पुलिस ने घरों में चोरी की सिलसिलेवार घटनाओं को अंजाम देने वाले हाफ पेंट गिरोह का उछेदन कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कथित अपराधियों में से दो नाबालिग और दो चोरी का माल खरीदने वाले भी शामिल हैं।

आरोपियों की निशानदेही पर 90 ग्राम सोना (बाजार मूल्य 10 l62 लाख रुपये), 5 l3 किग्रा चांदी (9 l10 लाख रुपये), 52,850 रुपये नगद, मोटरसाइकिल, लैपटॉप, एलईडी टीवी, पीतल-कांसे के बर्तन, मूर्तियां और चोरी के औजार बरामद किए गए। इस कार्रवाई से चीरा चास सहित विभिन्न थानों के 44 चोरी के मामले सुलझ गए। इसी क्रम में चीरा चास थाना क्षेत्र के के lके। सिंह कॉलोनी में कुछ लोगो के घर का ताला तोड़कर घुसने की कोशिश करते कुछ चोर पाए गए। चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल ने त्वरित कारर्वाई की और मौके से 5 अपराधियों समेत दो नाबालिगों को धर दबोचा। बाद में 4 और गिरफ्तारियां हुईं।

एसपी सिंह ने बताया कि गिरोह ने चीरा चास (20 मामले), सहित बालीडीह ओपी, बालीडीह थाना, चास मुफस्सिल, बीएससीटी, सेक्टर-4 व 12 में चोरियां कीं। आरोपी पहले रेकी करते, घर खाली पाकर चोरी करते और माल स्थानीय दुकानदारों को बेच देते हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। एसपी ने कहा, इनकी गिरफ्तारी से चोरी की घटनाएं थम जाएंगी।

### सीसीएल के असिस्टेंट मैनेजर का शव कुल्टी रेलवे स्टेशन के नजदीक मिला



डकराः एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत मातुल बघेल (30) का शव संदिग्ध स्थिति में पश्चिम बंगाल के आसनसोल-कुल्टी रेलवे स्टेशन के बीच में मिला है। शव के पास से मिले आधार कार्ड से जीआरपी ने परिजनों से संपर्क किया तब लोगों को घटना की जानकारी मिली। जानकारी मिलने के बाद मोहन नगर डकरा में रहनेवाले उनके पिताजी भोला बघेल और अन्य चार लोग घटनास्थल के लिए रवाना हो गये हैं। भोला बघेल भी एनके एरिया में ओवरमैन के पद पर कार्यरत हैं और मोहन नगर कॉलोनी में रहते हैं। पिछले पांच महीने से मातुल केडीएच कॉलोनी सुभाष नगर में अपना अलग क्वार्टर आवंटित करा कर रह रहा था। जानकारी अनुसार वह तीन दिन से यहां नहीं था और कल से फोन बंद बता रहा था। परिजन कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि विभागीय काम से बाहर जाने की बात उन्होंने कुछ लोगों को बताई थी। रेलवे पुलिस ने शव की जो तस्वीर भेजी है, उससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। शव अर्धनग्न अवस्था में है और छाती, पैर और चेहरे पर जख्म के गहरे निशान हैं। सोशल मीडिया पर मातुल की मौत की जानकारी वायरल होने पर पूरे मोहन नगर कॉलोनी और पुरनाडीह में लोग स्तब्ध हैं। मातुल की पहचान एक मृदुभाषी, होनहार माइनिंग इंजीनियर के रूप में थी।

सीसीएल के लाल योजना का टॉपर रहे हैंः मातुल बघेल सीसीएल के लाल योजना का टॉपर छात्र रहे हैं और यहीं से उन्होंने अपने कैरियर को दिशा दी। 2001 में बोला बघेल बेरमो से तबादला हो कर एनके एरिया आए थे। रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल मोहन नगर डकरा से उन्होंने पढ़ाई शुरू की और 10वीं पास किया। एक छोटा भाई अतुल बघेल और छोटी बहन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। मोहन नगर कॉलोनी और पूरे छत्तीसगढ़ी समाज के लिए यह परिवार एक उदाहरण है। मातुल भी बचपन से जितना मेधावी थे, उतना ही सामाजिक और मृदुभाषी थे।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में भक्तों ने खिचड़ी प्रसाद किया ग्रहण

**रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में प्रतिदिन चल रहे वेजिटेबल खिचड़ी भोग प्रसाद 10 दिनों में 4 हजार से भी अधिक भक्तों ने खिचड़ी भोग ग्रहण किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में 20 दिसंबर से प्रत्येक दिन अन्नपूर्णा वेजिटेबल खिचड़ी भोग का वितरण दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। तथा प्रतिदिन 4 सौ से भी अधिक श्रद्धालु वेजिटेबल खिचड़ी प्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन खिचड़ी प्रसाद का विधिवत भोग मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे द्वारा मंदिर मे दोपहर 12 बजे लगाया जाता है। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक स्वामी डॉ सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे प्रतिदिन मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा खिचड़ी भोग सेवा चलाया जा रहा है।

### एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# '2047 तक विकसित भारत के लिए शोध-नवाचार जरूरी'

संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर :** झारखंड दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शोध, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शोध, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि एनआईटी को शोध और नवाचार पर अधिक ध्यान देना चाहिए, ताकि भारत एक ज्ञान महाशक्ति बन सके। इस वर्ष विभिन्न संकायों में कुल 1,112 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 722 स्नातक, 303 अंडरग्रेजुएट और 78 पोस्टग्रेजुएट शामिल हैं। इसके अलावा, एक डी-लिट, एक मानद पीएचडी, दो स्वर्ण पदक और 16 रजत पदक भी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रदान किए गए।




राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छा पैकेज या प्लेसमेंट पाना नहीं है, बल्कि यह भी है कि आपके काम से समाज के कितने लोगों का जीवन सकारात्मक रूप से प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि तकनीक ने जहां बड़े बदलाव लाए हैं, वहीं इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध और ई-कचरे जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एनआईटी जैसे संस्थानों को इन चुनौतियों के समाधान पर काम करना चाहिए और सतत विकास तथा प्रभावी कचरा प्रबंधन के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ने पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के बाहरी इलाके करनडीह स्थित दिशोम जाहेरथान प्रांगण में संथाली भाषा के पारसी महा (भाषा दिवस) और संथाली लिपि ओल चिकी की शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति रविवार रात तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची थीं। मंगलवार को वह गुमला जाएंगी, जहां अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जात्रा को संबोधित करेंगी।

### झारखंड में शीत लहर और घने कोहरे का 'येलो अलर्ट'

## कांके का पारा 2.5 डिग्री तक पहुंचा, 31 दिसंबर तक कोई राहत नही

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में घने कोहरे और शीत लहर का प्रकोप जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित केंद्र ने झारखंड के कई हिस्सों में शीत लहर और घने कोहरे की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया। मौसम विज्ञान विभाग के बुलेटिन के अनुसार, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और रांची के लिए शीत लहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भीषण ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। रांची के पास स्थित कांके राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान 2 l5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



31 दिसंबर तक घने कोहरे का अलर्टः भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग और कोडरमा सहित छह जिलों में घने कोहरे के साथ 'शीत दिवस' के लिए और गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ सहित अन्य छह जिलों में केवल घने कोहरे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के बुलेटिन के अनुसार, इन जिलों में दृश्यता घटकर 50 से 200 मीटर के बीच रहने का अनुमान है। इसके अलावा इन जिलों में 31 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे तक घना कोहरा छाए रहने का भी अनुमान है।

## कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा और आंदोलन हैः फुरकान अंसारी

संवाददाता

**जामताड़ाः** मंत्री आवास परिसर में जामताड़ा कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और ऐतिहासिक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नेताओं ने भाग लेकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा और आंदोलन है :इस अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने विधिवत ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम, झंडा ऊंचा रहे हमारा और राष्ट्रीय गान का सस्वर पाठ हुआ। कार्यकर्ताओं ने सत्य, अहिंसा और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर चलने, नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने तथा संविधान की रक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि 'कांग्रेस केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा और आंदोलन है, जिसने देश को आजादी दिलाई और लोकतंत्र को मजबूत किया। आज जब देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला हो रहा है, तब कांग्रेस ही वह ताकत है जो संविधान, सामाजिक न्याय और आम जनता की आवाज की रक्षा कर रही है। हमें संगठित होकर राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देश को नई दिशा देने के लिए तैयार रहना होगा।'

भाजपा सरकार के खोखले दावों से जनता पूरी तरह ऊब चुकीः सभा को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि आज कांग्रेस देश की सबसे बड़ी जरूरत है। महंगाई चरम पर है, सार्वजनिक संस्थानों को केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों को बेचने में लगी है। युवाओं के रोजगार के अवसर खत्म किए जा रहे हैं और देश की नीतियां बड़े उद्योगपतियों के इशारे पर बनाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की प्रमुख संस्थाएं अडानी के हवाले की जा रही हैं। महिलाएं, गरीब, किसान और बेरोजगार नौजवान त्रस्त हैं। भाजपा सरकार के खोखले दावों से जनता पूरी तरह ऊब चुकी है। मंत्री डॉ। अंसारी ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि 'देश में सरकार बदलने की बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। वर्ष 2029 में कांग्रेस की सरकार देश में निश्चित रूप से वापसी करेगी और देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी जी होंगे। इसे कोई ताकत बदल नहीं सकती।

## बोकारो में पुलिस पर पथराव, 2 पुलिसकर्मी घायल, छावनी में तब्दील हुआ पुपुनकी आश्रम

**बोकारो :** जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र पुपुनकी आश्रम के पास बीते रात्रि शराब के नशे में धुत्त उपद्रवी तत्वों ने पुलिस बल पर पथराव किया जिससे थाना प्रभारी प्रकाश मंडल समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। घटना में दो पुलिसकर्मी घायलः बोकारो पुलिस ने चार उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। बोकारो-चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुपुनकी आश्रम में श्री श्री स्वरूपानंद गुरु परमहंस देव जी की अंतरराष्ट्रीय दो दिवसीय 100 वीं स्वर्ण जयंती समारोह मनाई जा रही है। इस जयंती समारोह में बनारस, ओडिशा, बंगाल, बिहार समेत विदेशों से महिला, पुरुष भक्तों का आना शुरू था। आश्रम आने- जाने के मुख्य रास्ता आश्रम के ठीक नजदीक 15-20 की संख्या में असमाजिक उपद्रवियों द्वारा मादक माड़ी, शराब बिक्री कर रहे थे। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस बल ने उक्त उपद्रवियों को रास्ते से हटाने का प्रयास किया। बाद में उपद्रवियों ने लाठी डंडे लेकर पुलिस का विरोध किया और पुलिस बल को लाठी डंडे से मारने लगे तथा पथराव किया जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस गस्ती बल घटना स्थल पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया।

### आईआईटी बॉम्बे में चमके हृतम गोल्डार, जीतावॉर ऑफ डीजे

**रांची :** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के छात्र हृतम गोल्डार ने एशिया के सबसे बड़े अंतर-कॉलेज सांस्कृतिक महोत्सव ह्यमूड इंडिगो-2025ह्व में आयोजित प्रतियोगिता ह्यहिस्टीरियाः वॉर ऑफ डीजेह्व में प्रथम पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है। आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे द्वारा किया गया था। मूड इंडिगो देशभर के युवा कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करने के लिए जाना जाता है, जहां रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और प्रस्तुति क्षमता की कड़ी परीक्षा होती है। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए डीजे कलाकारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में हृतम गोल्डार ने अपनी बेहतरीन लयबद्धता, तकनीकी दक्षता और दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की क्षमता से निर्णायकों का दिल जीत लिया ।संस्थान के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना और शिक्षकों ने हृतम की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

# भारतीय जनता मजदूर संघ का किया गया विस्तार

### उज्जवल कुमार सिंह चतरा जिला अध्यक्ष व श्याम नंदन सिंह बने महासचिव

संवाददाता

**रांची/चतरा :** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष (झा०) डॉ अर्जुन चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह के निदेर्शानुसार प्रदेश मंत्री सह चतरा जिला प्रभारी सुमन कुमार सिंह के अनुशंसा पर ग्राम सोन बिगहा थाना चतरा,जिला चतरा निवासी उज्जवल कुमार सिंह को चतरा जिला अध्यक्ष एवं अव्वल मोहल्ला, नियर एसबीआई मुख्य ब्रांच, जिला चतरा निवासी श्याम नंदन सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया है। उज्जवल कुमार सिंह के जिला अध्यक्ष और श्याम नंदन सिंह के महासचिव बनने पर बीजेएमएस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। उनके जिला अध्यक्ष एवं जिला महासचिव बनने पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी , प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह , प्रदेश मंत्री सह चतरा जिला प्रभारी सुमन कुमार सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उज्जवल कुमार सिंह एवं श्याम नंदन सिंह को मनोनीत किए जाने पर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह एवं प्रदेश मंत्री सह चतरा जिला प्रभारी सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह नियुक्ति उनके मजदूर संघ के प्रति सक्रियता, लग्नशीलता और ऊर्जा को देखते हुए प्रदान की गई है। ऐसे में संघ (बीजेएमएस)उम्मीद करती है कि यह नव नियुक्त पदाधिकारी संघ के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे, और चतरा जिले में एक मजबूत संगठन की विस्तार करते हुए संघ को आगे बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि शोषित और वंचित मजदूर भाइयों के प्रति निस्वार्थ प्रेम हीं आज इन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी के रूप में फलीभूत किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके संगठन में जुड़ने से श्रमिक वर्ग के अधिकारों को नई शक्ति मिलेगी। वहीं अपनी नियुक्ति पर उज्जवल कुमार सिंह व श्याम नंदन सिंह ने केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है, और कहा कि संघ ने जिस, आशा, विश्वास एवं उम्मीद के साथ हमें ये जिम्मेवारी सौंपी है। उस पर हम 24 कैरेट सोने की तरह खरा उतरने की कोशिश करूंगा। तथा हम अपने दायित्वों का निर्वहन करने की भरपूर या प्रयास करूंगा। उज्जवल कुमार सिंह के जिला अध्यक्ष एवं श्याम नंदन सिंह के महासचिव बनने पर संघ के पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं के अलावे उनके सगे संबंधियों मित्रों एवं शुभचिंतकों सहित कई लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# पुलिस पर हमला व चेन छिनतई मामले का आरोपी गिरफ्तार



मेट्रो रेज

**रांची:** चुटिया थाना क्षेत्र में बीते छह सितंबर को हुए चेन छिनतई और मारपीट की घटना में फरार चल रहे नामजद आरोपी मनी सिंह उर्फ मनिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना पटेल चौक के पास हुई थी, जहां आरोपी मनी सिंह ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर तीन युवकों के साथ मारपीट की थी।

मारपीट के दौरान आरोपी और उसके साथियों ने एक युवक से सोने की चेन और लॉकेट छीन लिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है, जबकि मुख्य आरोपी मनी सिंह उर्फ मनिया को अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्टेशन के बाहर पुलिस जवान पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार : बीते 25 दिसंबर की देर रात रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 25 दिसंबर की देर रात तब हुई, जब रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट की और उसे चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घटना की सूचना मिलने पर पीसीआर 21 पर तैनात पुलिस जवान तत्काल मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने घायल युवक को बचाने और बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, तो एक आरोपी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंचे पुलिस जवान पर भी हमला कर दिया।

## कांके रोड स्थित दवा दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**रांची :** राजधानी रांची के कांके रोड स्थित केयर एंड क्योर मेडिसिन के समीप एक दुकान में सोमवार की देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी दुकान उसकी चपेट में आ गई।

स्थानीय लोगों ने आग लगने की जानकारी तुरंत फायर विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह से काबू पाया और उसे आस-पास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका।

हालांकि इस अगलगी में दुकान में रखे सारे सामान जलकर नष्ट हो गये, जिससे दुकान मालिक को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस और फायर विभाग की टीमें आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगा रही है। अभी तक किसी शॉर्ट सर्किट या अन्य कारण का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## महादेव फाऊंडेशन ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



मेट्रो रेज

**रांची :** महादेव फाऊंडेशन की ओर से स्थापना दिवस और चन्द्रावती देवी की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर रातू रोड के शिव शक्ति नगर में कंबल वितरण सह गरीबों के सामूहिक भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्य क्रम का शुभारंभ मंत्रोचार के जरिये किया गया। फाऊंडेशन के संस्थापक मृत्युंजय सिंह ने अपनी माता स्वर्गीय चन्द्रावती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद 11 ब्रहमणों की ओर से मंत्रों से पूजन करा कर कंबल वितरण कार्य क्रम की शुरूआत की गयी। नायक चौक, इन्द्रपुरी, मधुकम , शिवपुरी समेत आसपास के चयनित 500 से अधिक गरीब लाभुकों के बीच कंबल दिये गये। संस्थापक मृत्युंजय सिंह ने मौके पर कहा कि पिछले 10 वर्षों से कंबल वितरण का काम संस्था करा रही है। इसके अलावा सामूहिक विवाह के कार्यक्रम भी समय- समय पर आयोजित किये जाते हैं। अब तक 5000 से अधिक गरीब कन्या ओं का विवाह भी संस्था ने कराया है। साथ ही साथ रातू रोड के बिड़ला मैदान में कई धार्मिक आयोजन भी किये जाते हैं। कंबल वितरण कार्य क्रम में वीएसपीएन सिंह, उत्तम यादव, सौरभ अग्रवाल, अशोक यादव, माया सिंह, वार्ड नंबर 31 के समाजिक कार्यकर्ता नीरज, मनोज सिंह, नीरज सिंह, राकेश सिंह, धनंजय सिंह, आरती सिंह, रागिनी सिंह, सुनील कुमार सिंह, अशोक सिन्हा समेत कई गण मान्य अतिथि मौजूद थे। कंबल वितरण का कार्यक्रम शाम चार बजे तक जारी रहा।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पहल

## फैराडे से आज की तकनीक तक भौतिकी की समझ पर 7 जनवरी को रांची में कार्यक्रम

मेट्रो रेज

**रांची:** विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले लोगों के लिए रांची में एक सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विज्ञान शिक्षा के प्रसिद्ध विद्वान आर्थर आइसेनक्राफ़्ट भौतिकी की सुंदरताः फैराडे की जिज्ञासा से लेकर आज की प्रौद्योगिकियों तक विषय पर अपनी बात रखेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से जेवियर सामाजिक विज्ञान संस्थान, डॉ। कामिल बुल्के पथ (पुरुलिया रोड), रांची में होगा, जिसमें भाग लेने के लिए इच्छुक लोग पहले से पंजीकरण भी करा सकते हैं, और इसे अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पब्लिक लेक्चर सीरीज के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बिजली और चुंबकत्व की शुरूआती समझ से लेकर ओर्स्टेड, माइकल फैराडे और मैक्सवेल के कार्यों के माध्यम से भौतिकी के विकास और उसके आधुनिक तकनीकों पर पड़े प्रभावों पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रो। आइसेनक्राफ़्ट यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स बोस्टन में भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर और ह्यविज्ञान एवं गणित संदर्भ केंद्र (कॉस्मिक) के निदेशक हैं; वे विज्ञान शिक्षा से जुड़े विप्रो के सहयोगी कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे हैं, जबकि उनकी सह-स्थापित तोशिबा/एनएसटीए एक्सप्लोराविजन पहल से हर साल 15,000 से अधिक विद्यार्थी जुड़ते हैं।

## नव वर्ष पर रांची में सुरक्षा कड़ी, पिकनिक व पर्यटन स्थलों पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

### पूरे जिले में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की रहेगी तैनाती



संवाददाता

**रांची :** नव वर्ष 2026 के स्वागत और वर्ष 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने खास इंतजाम किए हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर पूरे जिले में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रशासन के अनुसार हर साल की तरह इस बार भी दशम फॉल, जोन्हा फॉल, हुंडरू फॉल, डैम, नदी और अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच सकते हैं। इसी को देखते हुए दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है। सभी तैनात अधिकारी अपने-अपने स्थान पर समय से पहुंचकर लगातार गश्त और निगरानी करेंगे।

**मुख्य सुरक्षा इंतजाम**

-नशे में वाहन चलाने वालों की सख्त जांच होगी। पकड़े जाने पर वाहन जब्त किया जाएगा।

-तेज रफ्तार (रेस ड्राइविंग) करने वालों पर कार्रवाई होगी।

-महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-बिना लाइफ जैकेट के बोटिंग, तैराकी और जलक्रीड़ा पर पूरी तरह रोक रहेगी।

-जलप्रपातों के खतरनाक और फिसलन वाले हिस्सों में लोगों को जाने नहीं दिया जाएगा।

-दशम फॉल सहित अन्य जलाशयों में गोताखोरों की तैनाती की जाएगी।

-सभी बीडीओ, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे।

-शहर और पर्यटन स्थलों पर यातायात पुलिस की पर्याप्त तैनाती रहेगी।

-31 दिसंबर सुबह 7 बजे से 1 जनवरी 2026 तक जिला नियंत्रण कक्ष में डॉक्टरों, मेडिकल टीम और दवाओं के साथ 4 एंबुलेंस तैनात रहेंगी।



## नववर्ष पर साईं मंदिर लापुंग में महाभंडारा हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद

**रांची :**नववर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी, गुरुवार को लापुंग स्थित साईं मंदिर में भव्य महाभंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शिरडी साई ग्राम विकास केंद्र, सरसा के तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5 बजे काकड़ आरती से होगी। इसके पश्चात सुबह 8 बजे बाबा का अभिषेक, दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती तथा संध्या 4.45 बजे धूप आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

भक्तों के लिए भंडारा कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आरंभ होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। समिति के कोषाध्यक्ष अमित लाल ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से निरंतर किया जा रहा है और हर वर्ष बड़ी संख्या में भक्त इसमें शामिल होते हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार बाबा के दरबार में उपस्थित होकर साईंनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### एक्वा वर्ल्ड रिलायंस कार्निवल

# दूसरे दिन भी कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की रही धूम

### प्रियांशी और संतोषी को रांची के डांसिंग सेंसेशन का खिताब मिला








मेट्रो रेज

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड द्वारा नव वर्ष पर आठ दिवसीय नव वर्ष मेला रिलायंस कार्निवल 2026 के दूसरे दिन कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रही। आज का मुख्य आकर्षण सोलो और डबल डांस प्रतियोगिता थी। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में सुप्रिया चक्रवर्ती, पापिया देवगढ़िया, डेविड एलेक्स उपस्थित थे। बच्चों ने भी नए पुराने और रीमिक्स गानों पर जबरदस्त डांस कर उपस्थित लोगों को झुमा दिया। सबसे बेहतरीन डांस करने के कारण प्रियांशी और संतोषी को 'रांची के डांसिंग सेंसेशन' का पुरस्कार मिला।

इसके पहले सुबह में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को मछली घर का चित्र बनाना था । टैटू कंपटीशन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मेहंदी कंपटीशन में महिलाओं ने जमकर आनंद उठाया। इसके बाद बारी थी बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन की जहां दो-दो महिलाओं की टीम को सबसे अच्छे तरीके से हेयर स्टाइल करना था। फिर म्यूजिकल क्विज का आयोजन किया गया। आज के आउटफिट प्रतियोगिता का थीम बेस्ड ओवरकोट था। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा, विपुल नायक ,सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार ,वसीम आलम,राहुलशाह देव,देव ज्योति नाहा,आनंद नायक, प्रदुमन, उदय व अन्य उपस्थित थे।आज के विजेत दंगल टाइम - अक्षत।

पेंटिंग - समृद्धि,अन्वी, वर्णिका, दीपांकर, शुभंकर, अर्षभ, काव्या प्रेरणा, कृतिका।

बेस्ट टैटू - समृद्धि, अन्वी,अमन।

म्मेहंदी - तान्या,निकी,निकिता।

बेस्ट हेयरस्टाइल- मोना,तनु,हर्षिका।

म्यूजिकल क्विज - मोना,नेहा। रांची की मिस दिवा और मिस्टर हंक का चयन आज:30 दिसंबर को कैटवॉक प्रतियोगिता के जरिए रांची के मिस दिवा और मिस्टर हंक का चयन होगा। इसके अतिरिक्त बैलून स्पेस कंपटीशन, मिमिक्री कंपटीशन, बबल गम ब्लास्ट, सेल्फी कंपटीशन, चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन , मिस्ट्री ज्वेलरी टच कंपटीशन ,बेस्ट साड़ी कंपटीशन ,फैंसी ड्रेस कंपटीशन (12 वर्ष तक), बेस्ट रेड आउटफिट कंपटीशन,आदि प्रमुख है।

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, उप कारा, खूँटी**

**अतिअल्पकालीन ई०–निविदा सूचना**

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-1/2026/6541**

1. **कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।**
2. **विषय**–कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यात्रों, हरी सब्जी, चिकेन, पनीर, हरा मटर, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण।

**(प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2026 से 31.03.2026 तक)**

3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है–

**5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।**

4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय– **09.01.2026 से 15.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक।**
5. निविदा Online upload करने की तिथि– **09.01.2026 से 15.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक।**
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि– **दिनांक–16.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।**
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि।
**दिनांक–16.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।**
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान– **तिथि**–17.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

नोटः–

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR.NO.369608 Prison(25-26):D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## खालिदा जिया का निधन

**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का 30 दिसंबर 2025 को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबी बीमारी से जूझ रही खालिदा जिया को ढाका के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

वह बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने 1991-1996 और 2001-2006 के बीच दो बार देश का नेतृत्व किया। उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत उनके पति, पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की हत्या के बाद हुई, जब उन्होंने बीएनपी की कमान संभाली। खालिदा जिया के शासनकाल में मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं बढ़ीं। विशेष रूप से हिंदू समुदाय, जो बांग्लादेश की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत है। उसे राजनीतिक हिंसा का शिकार बनना पड़ा। खालिदा जिया का पहला कार्यकाल 1991 से 1996 तक रहा, जब उन्होंने बांग्लादेश को आर्थिक सुधारों की दिशा में ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान धार्मिक अल्पसंख्यकों पर छिटपुट हमले होते रहे, लेकिन बड़े पैमाने पर हिंसा 2001 के चुनाव के बाद उभरी। 2001 के आम चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद, जो जमात-ए-इस्लामी जैसे इस्लामी दलों के साथ गठबंधन में थी, देश में हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा की लहर दौड़ी। जानकारी के अनुसार, चुनाव के बाद बीएनपी समर्थकों ने हिंदुओं को निशाना बनाया, क्योंकि उन्हें विपक्षी आवामी लीग का समर्थक माना जाता था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सैकड़ों हिंदू परिवारों के घरों को लूटा गया, महिलाओं पर हमले हुए और मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया। एमनेस्टी इंटरनेशनल की 2002 की रिपोर्ट में कहा गया है कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं पर हिंसा का स्तर बहुत ऊंचा था, और अपराधियों को सजा नहीं मिली। इस हिंसा में कम से कम 30,000 हिंदू प्रभावित हुए, और कई परिवार भारत की ओर पलायन कर गए।

## परिवार और पेशे में संतुलन से ही रिश्तों में मजबूती

**भागमभाग** की जिंदगी जीने के बजाय परिवार के लिए वक्त निकालना किसी भी इंसान के लिए ज्यादा जरूरी होता है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं। इसमें दो राय नहीं कि अधिक से अधिक कमाने की चाहत के साथ-साथ कार्यस्थल पर काम का बोझ भी बढ़ा है। इसीलिए दफ्तर के काम का तनाव घर तक भी आने लगा है। घर पर रहते हुए भी कार्यस्थल से डिजिटल कनेक्टिविटी ने अलग तरह के तनाव को जन्म दिया है। रही-सही कसर घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी पूरी कर देती है जहां व्यक्ति को दिनभर का बड़ा हिस्सा सफर में बिताने की मजबूरी का सामना भी करना पड़ता है। खतरे की बात यह भी है कि दफ्तर में काम का दबाव कई बार व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर कर देता है। यह बात और है कि संस्थानों में काम के घंटे बढ़ाने का मुद्दा भी हमारे यहां बहस का विषय बनता रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने का विकल्प कार्य के घंटे बढ़ाना ही हो सकता है। इसीलिए श्रम कानून में भी काम के घंटे बढ़ाने की छूट दी जा रही है। लेकिन सच यह भी है कि वर्क-लाइफ बैलेंस ही कार्यक्षमता को निर्धारित करने वाला अहम घटक है। काम का अत्यधिक दबाव व्यक्ति की सेहत पर विपरीत असर डालने वाला ही होता है। काम के मुकाबले वेतन बेहतर नहीं हो तो स्थिति और कष्टकारी हो सकती है। पिछले दिनों ही एक अध्ययन में यह तथ्य भी सामने आया था कि नौकरी छोड़कर खुद का व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं की संख्या भी इसी वजह से बढ़ने लगी है ताकि वे वर्क-लाइफ में संतुलन बना सकें। एक बड़ा खतरा सोशल मीडिया से भी है, जिसने एक ही छत के नीचे रहते हुए भी पारिवारिक सदस्यों को एकाकी जीवन बिताने को मजबूर कर दिया है। डिजिटल लत के चलते घर पर मिले समय का भी परिवार से सामंजस्य बैठाने में उपयोग नहीं हो सके तो यह और भी चिंताजनक है। भाग-दौड़ की जिंदगी में परिवार के लिए समय निकालना निश्चित ही चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। टूटते संयुक्त परिवारों के बीच परिवार को वक्त देना रिश्तों में मजबूती के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाला होगा। इसलिए वर्क-लाइफ में संतुलन बनाए रखने के उपायों को तरजीह देना भी हमारे ही हाथ में है।

# नए साल में भारत होगा आशावादी बाजार

**उम्मीद करें कि भारत में वर्ष 2026 में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। नया साल नई उम्मीदें लेकर आ रहा है। भारतीय आर्थिकी के लिए शुभ समय है**

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत बढ़ी हुई विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। हाल ही में वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की ग्लोबल कंज्यूमर रडार रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित हैं और भारत दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार है। जहां वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूत वृद्धि से भारत में उपभोक्ताओं की धारणा में पूरे वर्ष स्थिर गति देखी गई, वहीं अब 2026 में देश लगातार अच्छे समय की उम्मीद रखने वाले 61 प्रतिशत उपभोक्ताओं के साथ सबसे आशावादी बाजारों में से एक बना हुआ है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं।

गौरतलब है कि नए वर्ष 2026 में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीददारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपए डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निःसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि चूंकि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, ऐसे में क्रेडिट रेटिंग व विकास दर बढ़ने से उपभोक्ता बाजार आशावादी बना रहेगा। हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती से वित्त वर्ष 2026-27 में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक नया परिदृश्य दिखाई देगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी और उपभोक्ता बाजार में चमक बढ़ेगी।

# वैश्विक पर्यावरण संकट और उसका समाधान

**बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक तंत्र को पचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा ।**

**कुलभूषण उपमन्यु**

**पिछली** डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक-निर्माण शक्ति मानव के हाथ में दे दी, तब से विकास की परिभाषा भी धीरे धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरूआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किए गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया, उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है जिसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है।

हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं, किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को सरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म इंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जो आगे बढ़ता ही जाएगा। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैवविविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40 प्रतिशत भूभाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुड़ी भीषण घटनाओं के कारण जन धन की भारी हानि हो रही है।

आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थ व्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि 2040 तक तापमान वृद्धि 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं। जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे। खास कर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी, जिसके लिए कार्बनमुक्त ऊर्जा विकल्पों की ओर मुड ?ा होगा। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइड्रो काईनैटीक ऊर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित ऊर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा।

अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए यूज एंड थ्रो उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मरम्मत किए जाने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के साथ-साथ जलवायु अनुकूलन की विधियां तलाशनी होंगी। परिवहन के कारण होने वाले भारी प्रदूषण से निपटने के लिए टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक बनाते हुए विकसित करना पड़ेगा। समस्याएं तो आती ही रहेंगी, किन्तु समाधान के लिए प्रकृति आधारित हल प्राथमिकता से ढूंढे जाएं तो हालत सुधरने में मदद जरूर मिलेगी।

# क्रोध पर नियंत्रण

**श्रीश्री रवि शंकर**

**चिंतन-मनन**

**हम** बच्चों को शारीरिक स्वच्छता रखना सिखाते हैं, लेकिन मानसिक स्वच्छता के बारे में नहीं सिखाते। मानसिक स्वच्छता क्या है? अपने मन की देखभाल करना ही मानसिक स्वच्छता है। हर कोई साफ कपड़े पहनना पसंद करता है, हर कोई रोज नहाता है। उसी तरह, प्रतिदिन की घटनाओं की छाप जो हमारे मन पर पड़ जाती है, मन को उनसे मुक्त रखना हमें सीखना चाहिए। मानसिक स्वच्छता आवश्यक है, जिसे आप ध्यान जैसी प्रथाओं से बनाए रख सकते हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर मन को सचेत रूप से आराम देना और अपने आप में विश्राम करना वैसा ही है, जैसे अपने कंप्यूटर में सभी अनावश्यक फाइलों को डिलीट बटन से हटाना।

हम बच्चों को बहुत छोटी उम्र से दांत ब्रश करना सिखाते हैं ताकि उनके दांत स्वस्थ रहें और उनकी मुस्कान बरकरार रहे। लेकिन एक मुस्कान केवल स्वस्थ दांतों से नहीं आती, बल्कि एक सुखद मानसिक स्थिति से आती है, जिसे ध्यान से शुरू किया जा सकता है और फिर यह हमें कहां ले जाता है? क्या यह केवल मानसिक स्वच्छता तक सीमित है? नहीं, यह हमें हमारे भीतर एक अन्य आयाम तक ले जाता है, जो सभी संभावनाओं का क्षेत्र है। क्या ध्यान सभी के लिए है?

यह मानव जीवन की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है कि वे ऐसी खुशी की तलाश करते हैं, जो कभी न घटे, एक ऐसा प्यार जो विकृत न हो या नकारात्मक भावनाओं जैसे गुस्से, घृणा या जलन में न बदल जाए। आराम की चाह स्वाभाविक है, क्योंकि आपने अपनी मां के गर्भ में उस अपूर्व आराम की अवस्था का अनुभव किया है। मां के गर्भ में आपको कुछ नहीं करना होता था। खाना सीधे आपके पेट में पहुंचता था और आप खुशी से तरल में तैरते रहते थे, मुड़ते और लात मारते रहते थे। वही ध्यान है और ध्यान है पूर्ण आराम। ध्यान एक कला है। हर व्यक्ति के पास दस अंगुलियां होती हैं और बस यह सीखने की आवश्यकता होती है कि उनके द्वारा किसी वाद्य यंत्र से मधुर संगीत कैसे निकाला जाए? उसी तरह आपके पास एक मन है जिससे आप सोच सकते हैं और ध्यान भी कर सकते हैं। जब मन शांत और केंद्रित हो जाता है, तब भीतर स्थित

ध्यान में आपको गहरी विश्रांति मिलती है,

## आपके पत्र

### प्रधानमंत्री की दवाओं को लेकर नेक सलाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार के रेडियो प्रोग्राम मन की बात में विभिन्न मुद्दों पर बात की, लेकिन उन्होंने हमें दवाइयों के प्रयोग को लेकर जो सलाह दी वो बहुत ही अच्छी है। उन्होंने कहा कि किसी को भी एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए। हमें इस पर जरूर अमल गंभीरता से करना चाहिए, ताकि दवाइयों का प्रयोग हमें स्वस्थ करे, न कि और बीमार करे।

एंटीबायोटिक का अत्यधिक इस्तेमाल जिंदगी को खतरा भी है। दुनिया के दूसरे देशों में देशी इलाज के साधन नहीं है, इसलिए वहां तो एंटीबायोटिक का अत्यधिक और अनावश्यक प्रयोग होना स्वाभाविक है, लेकिन अफसोस यह है कि भारत में भी कई बार डाक्टरों की सलाह नहीं ली जाती है।

**आरती विश्वास,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बाल विवाह एक गंभीर अपराध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : जयंत कुमार

## बाल विवाह उन्मूलन को लेकर प्रशासन सख्त आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई अहम जिम्मेदारी



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से उधवा प्रखंड सभागार में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ जयंत कुमार तिवारी ने की, जिसमें प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान बीडीओ श्री तिवारी ने कहा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में सामाजिक कुरीतियों के कारण नाबालिग बच्चों विशेषकर बालिकाओं का विवाह कर दिया जाता है। जो न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि बच्चों के शारीरिक मानसिक और शैक्षणिक भविष्य पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाल विवाह एक गंभीर अपराध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि कानून के अनुसार लड़की की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष तथा लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम उम्र में विवाह कराना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से अपील की कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरतें और यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका या जानकारी मिले तो तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।बैठक में यह भी बताया गया। कि बाल मजदूरी भी एक गंभीर अपराध है और 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन निषिद्ध है। साथ ही 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। जिसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका सुशीला हेम्ब्रम ने सेविकाओं को बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी, वहीं मंथन संस्था की सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता शबनम प्रवीन ने बाल विवाह, मानव तस्करी और बाल श्रम के सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। मौके पर रशीदा बीबी, हलीमा खातून, शबनम बीबी, रेहाना खातून, शांति हेम्ब्रम, सुशीला हांसदा, हाजरा खातून, सोनामुनी बेसरा, रूबीना बीबी, रिंकी देवी, पूर्णिमा देवी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं मौजूद थीं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रतिभागियों को कार्यक्रम से प्राप्त अनुभवों को जीवन में आत्मसात करने के लिए किया प्रेरित



**साहिबगंज :** मेरा युवा भारत के अंतर्गत आयोजित अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आज नेहरू युवा केंद्र, साहिबगंज में भव्य समापन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए कुल 37 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता के साथ विभिन्न सत्रों सामाजिक गतिविधियों सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लिया।समापन समारोह के अवसर पर अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की भूमिका, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को कार्यक्रम से प्राप्त अनुभवों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित व पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण, युवा एकता एवं सामाजिक विकास के संकल्प के साथ हुआ।प्रतिभागियों ने इस आदान-प्रदान कार्यक्रम को अपने जीवन के लिए प्रेरणादायक एवं अनुभववर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

### तकनीकी संचालन को अधिक सुदृढ़ सुचारु बनाने पर विचार-विमर्श



**साहिबगंज :** सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए संचालित कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीएमएस व पीएफएमएस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।यह बैठक निदेशक, एमवीएल की अध्यक्षता में की गई।बैठक के मुख्य रूप से पीएफएमएस एकीकरण एवं डीएससी कॉनफि गरेशन टीएमएस 2.0 ऑनबोर्डिंग भारतीय रिजर्व बैंक में सब-एजेंसी खाता खोलना योजना से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से कैशलेस उपचार योजना के वित्तीय और तकनीकी संचालन को अधिक सुदृढ़ सुचारु बनाने पर विचार-विमर्श किया करते हुए जिससे सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी आईआरएडी इडीएआर मैनेजर मनोज कुमार, रोड सेफ़्टी मैनेजर नीरज कुमार, रोड इंजीनियर अनुज कुमार उपस्थित थे।

### उधवा व राजमहल को मिली 6.43 करोड़ की सौगात



**साहिबगंज/उधवा :** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को उधवा एवं राजमहल प्रखंड क्षेत्र में कुल 6.43 करोड़ रुपये की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने बुके व फूल-मालाएं भेंट कर विधायक का भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजमहल प्रखंड परिसर में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत एक हजार मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम साथ ही तौल पुल एवं ऑपरेटर कक्ष का निर्माण 2.76 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.079 करोड़ रुपये की लागत से दाहु टोला से बालुग्राम तक 2.7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक एमटी राजा ने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

### उप विकास आयुक्त ने किया मोहनपुर प्रखंड का निरीक्षण

**देवघर :** जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने सोमवार को मोहनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत कटवन का कार्यालय निरीक्षण के अलावा क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप द्वारा निरिक्षण किया । इसके अलावा विभिन्न आवास योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, जो लाभुक योजनाओं को पूर्ण करने में दिलचस्पी नहीं ले रहें हैं उन्हें नोटिस करने का निर्देश दिया गया है।इसके अलावा उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में पाई गयी त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया तथा ससमय एवं पारदर्शिता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। आगे पंचायत निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गरीब एवं असहाय लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही मनरेगा की पुरानी योजनाओं (वित्त वर्ष 2022-23 से पूर्व की ) को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## प्रति बूंद अधिक फसल योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा हुई



संवाददाता

**साहिबगंज :** कृषि निदेशक झारखण्ड राँची की अध्यक्षता में साहेबगंज जिले में कृषि विभाग एवं आत्मा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक उपस्थित रहे। जबकि बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना किसान क्रेडिट कार्ड मिट्टी नमूना संग्रह, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान समृद्धि योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की प्रगति से कृषि निदेशक को अवगत कराया गया।साथ ही केन्द्र प्रायोजित योजना प्रति बूँद अधिक फसल योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कृषि निदेशक द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, को लंबित आवेदनों का अविलम्ब अधिष्ठापन पूर्ण कराते हुए भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त आत्मा योजना अंतर्गत किसान समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखंडों के बीटीएम व एटीएम को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्र भ्रमण कर अधिकाधिक किसानों को योजना से आच्छादित करें तथा लक्ष्य के अनुरूप अपने-अपने प्रखंडों में सोलर पम्प का अधिक से अधिकअधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिया गया कि फसल प्रत्यक्षण हेतु संकुल चयन कर वितरित बीज के आधार पर उत्पादन और उत्पादकता से संबंधित प्रतिवेदन ससमय तैयार किया जाए जिससे कृषि निदेशक द्वारा विभागीय व्यय में अविलम्ब वृद्धि लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी श्री प्रमोद एक्का जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता उप परियोजना निदेशक,आत्मा मंटू कुमार सहित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम ,एटीएम एटीएम अन्य विभागीय कर्मियों ने भाग लिया।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए बासुकिनाथ के प्रथम नगर अध्यक्ष बम बम पंडा



संवाददाता

**बासुकिनाथ :** सोमवार को बासुकिनाथ नगर पंचायत के निर्वाचित प्रथम नगर अध्यक्ष बमबम पंडा की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई । जिसमें सैकड़ों नगर निवासियों ने उपस्थित होकर दिवंगत बमबम पंडा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके प्रतिमा पर अपना अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया । दिवंगत बमबम पंडा बासुकिनाथ मंदिर के पूर्व सरदार पंडा बामेश्वर पंडा के पौत्र थे । जिन्होंने प्रथम बार नगर पंचायत बासुकिनाथ का अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए । मौके पर नगर पंचायत बासुकीनाथ की वर्तमान अध्यक्षा पूनम देवी, जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू) पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद( बम बाबू), भाजपा नेता सुभाष चंद्र राव,मनोरमा देवी,कैलाश प्रसाद साह,त्रिपुरारी पांडेय, नरेश पंडा, विशंभर राव, महेश प्रसाद साह, संदीप कुमार पांडेय सहित दर्जनों भाजपाई एवं स्थानीय नगर निवासी भी मौजूद रहे । जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू) ने बमबम पंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रथम अध्यक्ष बमबम पंडा बासुकिनाथ नगर निवासियों के चहेते थे । नगर निवासियों के समस्याओं का हल सादगीपूर्ण तरीके से करते थे । स्व. पंडा का जीवन जनता जनार्दन की सेवा में ही बीत गया । जिन्हें नियति ने समय से पहले ही बुला लिया । वे साधारण होकर भी असाधारण थे । पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद( बम बाबू) ने भी बमबम पंडा के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## मलूटी पर्यटन क्षेत्र में सुदृढ़ होगी प्रकाश व्यवस्था

संवाददाता

**दुमका :** जिला अंतर्गत ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध मलूटी पर्यटन क्षेत्र के आसपास एवं मंदिर परिसर में अधिष्ठापित प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ एवं नियमित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति प्रदान किए जाने के उपरांत अब इसका अधिष्ठापन एवं विद्युत कनेक्शन का कार्य किया जा रहा है।

इसी संबंध में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा एक समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन एवं कनेक्शन कार्य को हर हाल में 14 जनवरी तक पूर्ण करने का स्पष्ट निदेश दिया गया।

ज्ञातव्य हो कि पर्यटन विभाग की ओर से एवं उपायुक्त श्री सिन्हा के सतत अनुश्रवण में पूरे मलूटी ग्राम को प्रकाशमय करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर, पर्यटन क्षेत्र, संपर्क पथ एवं प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त एवं सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की सुरक्षा एवं सौंदर्य में वृद्धि होगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि मलूटी जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले पर्यटन स्थल को विकसित कर पर्यटकों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं स्थानीय ग्रामीणों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

## असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित

**देवघर :** जिले केउपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जिले में बढ़ती ठंड और गिरते पारा को देखते हुए सोमवार को देवघर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर असहाय, भूमिहीन, दिव्यांग, रिक्शावाले, फुटपाथ पर सो रहे लोगो व जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण के क्रम में उपायुक्त ने लोगों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा ठंड के प्रति लोगों को सचेत कर ठंढ से बचने की सलाह दी। साथ ही स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज करवाने की सलाह दी। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया चौक-चौराहे के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने जिला, प्रखंड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे कि कोई भी व्यक्ति खुले में तो नही सो रहा है, निरीक्षण करने वाले अधिकारी के पास उचित मात्रा में कम्बल होने चाहिए तथा हर सम्भव प्रयास करे कि ठंड के बचाव के लिए उस व्यक्ति को रैन बसेरा में पहुंचाया जाए।

## पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करना है : अमलेश




संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 9 साहिबगंज की ओर से वर्ष 2025 के समापन और वर्ष 2026 के स्वागत के अवसर पर सोमवार को साहिबगंज मुकबधिर स्कूल के समीप पहाड़ की तलहटी में जिले के सभी पत्रकारों के लिए विशेष वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय विश्वास और सहयोग को और मजबूत करना है।मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष भरत राय,सचिव सत्येंद्र पासवान,कोषाध्यक्ष राजेंद्र टुडू,संयुक्त सचिव सुबोध कुमार निराला तथा पूर्व संयुक्त महामंत्री भगवान मांझी पहुंचे,जिनका पत्रकारों ने बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात है कि पुलिस और पत्रकार एक मंच पर एक साथ आए हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस और पत्रकारों की जोड़ी सदैव समाजहित में बनी रहनी चाहिए।पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहकर कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा सुनिश्चित करती है।वहीं पत्रकार सत्य, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ समाज को आईना दिखाने का कार्य करते हैं।दोनों के आपसी सहयोग से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होता है।वनभोज कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र पाठक,अरविंद ठाकुर,पंकज वर्मा,प्रवीण कुमार शिवशंकर निराला सुनील ठाकुर,डाबर इमरान,चंदन सिंह,सहेन्द्र कुमार अरविंद कुमार,विकास कुमार शर्मा,शशिकांत यादव प्रमोद निरंजन,पवन कुमार, संजय कुमार,नवीन राय,सुनील पासवान,कन्हैया रजक,रंजन कुमार,अमित चौधरी,प्रीतम पाण्डेय, अजीत शर्मा,गोपाल श्रीवास्तव रंजीत कुमार,मुन्ना यादव,विक्की कुमार,नवीन कुमार मोहम्मद गुलजार अफसर अली,राजेश दास सहित अन्य पत्रकार बंधु शामिल हुए।सभी ने सौहार्दपूर्ण माहौल में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया और आपसी संवाद के माध्यम से रिश्तों को और प्रगाढ़ किया।कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि नए वर्ष में पुलिस और पत्रकार मिलकर जनहित,सामाजिक सरोकार और सकारात्मक पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।यह आयोजन न केवल नए साल के स्वागत का अवसर बना बल्कि पुलिस पत्रकार समन्वय की एक सशक्त और प्रेरक मिसाल के रूप में भी यादगार रहा।

जन्मदिन पर मिले प्यार के लिए सलमान ने जताया फैंस का आभार, कहा-

# आपका प्यार मेरे लिए बहुत मायने रखता है

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान ने 28 दिसंबर पूरे 60 साल के हो गए हैं। एक्टर ने अपना यह बर्थडे काफी धूमधाम से मनाया। सोशल मीडिया से लेकर उनके पनवेल फार्महाउस तक, हर जगह सलमान खान को बधाइयां और ढेर सारा प्यार मिला। वहीं, अब हाल ही में सलमान ने जन्मदिन पर मिले प्यार के लिए अपने फैंस और शुभचिंतकों का दिल से आभार जताया है।



सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा-आपके सभी प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, भगवान आप सभी को स्वास्थ्य और खुशियां दें।

सलमान खान का यह पोस्ट सामने आते ही तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने एक बार फिर कमेंट्स और लाइक्स के जरिए अपने चहेते स्टार के प्रति प्यार रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान जल्द ही फिल्म बैटल ऑफ गलवान में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साल 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित होगी। बताया जा रहा है कि बैटल ऑफ गलवान साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# बाबा महाकाल के चरणों में नुसरत भरुचा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने नए साल से पहले उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। नुसरत ने पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में हिस्सा लिया, जहां वे पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आईं।यह नुसरत भरुचा का बाबा महाकाल के धाम में दूसरा दौरा था। तडके सुबह आयोजित आरती के दौरान वे नंदी हॉल में बैठकर ध्यान और प्रार्थना करती दिखीं। इस विशेष अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने नुसरत को महाकाल अंकित अंगवस्त्र प्रसाद स्वरूप भेंट किया, जिसे उन्होंने खुशी और श्रद्धा के साथ स्वीकार



किया। दर्शन के बाद नुसरत ने मंदिर में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद दर्शन और आरती की व्यवस्था बेहद सुचारू और अनुशासित रही। नुसरत ने बताया कि बाबा महाकाल का आशीर्वाद उन्हें गहरी शांति, सकारात्मकता और नई ऊर्जा से भर देता है। नुसरत भरुचा ने अपने करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों के जरिए एक मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से उन्हें खास लोकप्रियता मिली, जिसके बाद सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट-ड्रिवन हॉरर फिल्मों में उनकी गहन और प्रभावशाली अदाकारी को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना मिली।

किरण राव की हुई अपेंडिक्स की सर्जरी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर बोलीं-

# नए साल की शुरूआत करने के लिए तैयार है




**आमिर** खान की एक्स-वाइफ और फिल्ममेकर किरण राव की हाल ही में 12 टट डायमीटर अपेंडिक्स की सर्जरी हुई है। सर्जरी के बाद किरण ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करते हुए हेल्थ को लेकर अपडेट दिया और बताया कि अब उनकी हालत पहले से बेहतर है।

किरण राव ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा- मैं 2026 में पार्टी करने के लिए पूरी तरह तैयार थी। उसी वक्त मेरे अपेंडिक्स ने मुझे याद दिलाया कि थोड़ा धीरे हो जाओ। गहरी सांस लो और शुक्रगुजार रहो। मैं बहुत आभारी हूं मेरे दोस्तों और परिवार वालों की, आमिर, चार्ल्स और अमीन जिन्होंने तुरंत मदद की। मेरे दूसरे प्यारे लोग जो ज्यादातर मेरे सूजे हुए होंठों पर हंसने आए। ये एक एलर्जिक रिएक्शन था। दुख की बात है कि अब ये नॉर्मल और बिना ग्लैमर वाले हो गए हैं।

उन्होंने आगे लिखा- मैं अब डिस्चार्ज हो गई हूं और घर वापस आ गई हूं। नए साल की शुरूआत करने के लिए तैयार हूं। 2025 मेरे लिए अच्छा रहा और उम्मीद करती हूं कि 2026 भी दया, हंसी और प्यार से भरा रहे और अदक भी बेहतर हो। इसके साथ ही फिल्ममेकर ने डॉक्टर्स और हॉस्पिटल टीम का भी धन्यवाद किया।

शेयर की गई पहली क्लिप में किरण राव हॉस्पिटल रूम की खिड़की से बाहर का नजारा दिखा रही हैं। एक फोटो में वो हॉस्पिटल नेम टेग दिखा रही हैं, जिसमें उनका नाम-किरण आमिर राव खान लिखा है। एक फोटो में वो सेल्फी लेती दिख रही हैं तो आखिरी तस्वीर में वो सोफे पर बैठकर खाना खाती नजर आ रही हैं। बता दें, किरण राव ने साल 2005 में आमिर खान से शादी की थी, लेकिन 16 साल बाद साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। अब दोनों साथ में मिलकर बेटे आजाद की परवरिश कर रहे हैं। करियर की बात करें तो किरण ने असिस्टेंट डायेक्टर के तौर पर करियर की शुरूआत की थी। साल 2024 में रिलीज हुई उनके डायरेक्शन की फिल्म लापता लेडीज को दर्शकों ने खूब पसंद किया और इसे अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

# बॉर्डर 2 का गाना  घर कब आओगे..  का टीजर रिलीज




**फिल्म बॉर्डर** 2 के निमार्ताओं ने गाना  घर कब आओगे.. का टीजर रिलीज कर दिया है। यह गीत सोनू निगम, अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और दिलजीत दोसांझ को हाल के समय के सबसे महत्वपूर्ण संगीतात्मक सहयोगों में से एक में एक साथ लाता है। अनु मलिक द्वारा संगीतबद्ध इस गीत को मिथून ने नए रूप में प्रस्तुत किया है, और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा जोड़े गए अतिरिक्त नए बोल, जो जावेद अख्तर के मूल गीत की विरासत को आगे बढ़ाते हैं।पूरा गीत दो जनवरी 2026 को राजस्थान के जैसलमेर में लोंगेवाला झ्र तनोट में आयोजित एक भव्य लॉन्च इवेंट में जारी किया जाएगा।

फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा, मोना सिंह और सोनम बाजवा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अनुराग सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म बॉर्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता कर रहे हैं। यह फिल्म टी-सीरीज और जेपी फिल्म्स के बैनर तले बनायी जा रही है और गुलशन कुमार एवं टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। सह-निमार्ता कृष्ण कुमार हैं। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।



## तमन्ना भाटिया साल 2025 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली अभिनेत्री

**साल 2025** के अंत में जारी की गई गूगल इंडिया की सूची के अनुसार, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया गूगल पर सबसे ज्यादा खोजी जाने वाली अभिनेत्री रहीं। वायरल गानों, हिट फिल्मों और जबरदस्त लोकप्रियता के दम पर अभिनेत्रियों ने न सिर्फ सिनेमा में बल्कि गूगल खोज में भी राज किया। तमन्ना भाटिया इस साल गूगल पर सबसे ज्यादा खोजी गई अभिनेत्री रहीं। लगभग 25 प्रतिशत लोगों ने उन्हें खोजा।

साल 2025 उनके लिए बहुत खास रहा। गफूर और नशा जैसे गानों, डिजिटल मंच की श्रृंखला डू यू वाना पार्टनर और फिल्म ओडेला-2 की वजह से वह लगातार चर्चा में रहीं। उनकी हर मौजूदगी लोगों की नज़्ार में रही। रश्मिका मंदाना को लगभग 18 प्रतिशत लोगों ने गूगल पर खोजा। छावा, थम्मा, कुबेरा और द गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों की वजह से वह साल भर चर्चा में रहीं। उनकी सादगी और अलग-अलग तरह के किरदार लोगों को बहुत पसंद आए।

# दृश्यम 3  के लिए अक्षय खन्ना ने मांगे 21 करोड़? डायरेक्टर ने तोड़ी चुप्पी, कहा- वो इस समय किसी और प्लेनेट पर हैं



**धुरंधर** की सफलता के बीच अक्षय खन्ना फिल्म दृश्यम 3 छोड़ने की खबरों को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बीते दिनों दृश्यम 3 के प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने एक्टर के खिलाफ लीगल नोटिस भेजा था और कहा था कि उनके बर्ताव की वजह से उन्हें नुकसान झेलना पड़ा है। वहीं, अब फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक पाठक ने भी अक्षय खन्ना के फिल्म छोड़ने के फैसले और 21 करोड़ बतौर फीस मांगने की अफवाहों पर बात खुलकर बात की।

दृश्यम 3 के डायरेक्टर अभिषेक पाठक ने हाल ही में मीडिया के साथ बातचीत में अक्षय खन्ना के फिल्म छोड़ने पर अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें सोलो फिल्में ट्राई करना चाहिए। कुमार मंगत ने हाल ही मेंबताया कि धुरंधर की रिलीज से एक दिन पहले अक्षय ने इस फिल्म को छोड़ दिया था।

अभिषेक ने उनके फिल्म छोड़ने को लेकर साफ किया कि इसकी वजह कोई पैसा नहीं थी। 21 करोड़ फीस मांगने वाली अफवाहों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह पैसों पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि वह लगभग उन्हें फिल्म के लिए फाइनल कर चुके थे, लेकिन इसमें बाद में कुछ चेंजेस किए गए थे और आपसी सहमति से सब कुछ फाइनल हो गया था।

अभिषेक पाठक ने कहा कि उनके फैसले के पीछे उनके आस-पास के लोग हैं, जो उन्हें इंन्फ्लुएंस कर रहे हैं कि वो एक सुपरस्टार हैं और उन्हें कुछ और ट्राई करना चाहिए, जो उनके लिए हो। डायरेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक्टर को कुछ सोलो फिल्में ट्राई करनी चाहिए।

जब मामले को सुलझाने को लेकर उनसे पूछा गया तो अभिषेक ने कहा कि जब उनके पास जवाब नहीं होता तो वह नहीं जानते कि क्या बोलना है। उन्हें अक्षय का फिल्म छोड़ना बहुत बेकार लगा क्योंकि वो एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे। इसलिए उन्होंने इस मामले को सुलझाने की कोशिश नहीं कि क्योंकि उनका मानना है कि अक्षय इस समय किसी और प्लेनेट पर हैं।

अभिषेक पाठक ने ये भी बताया कि ये सब तब हुआ जब कॉन्ट्रेक्ट को साइन कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि अक्षय ने नवंबर में कॉन्ट्रेक्ट साइन किया था। फिल्म जब फ्लोर पर जाने वाली थी तो इसके पांच दिन पहले सारी चीजें हुईं और उन्होंने फिल्म को छोड़ दिया, जबकि सब कुछ लॉक्ड हो चुका था। अभिषेक ने बताया कि उन्होंने अक्षय को फिल्म का नरेशन भी दिया था और उन्होंने स्टोरी को भी पसंद किया था।

अक्षय खन्ना को लेकर अभिषेक पाठक ने बताया कि फिल्म को लेकर में उनके और मेकर्स के बीच एक जगह असहमति हुई थी। उन्होंने फिल्म में अपने रोल के लिए विग की डिमांड की थी, जिसके मेकर्स राजी नहीं थे। हालांकि, उन्होंने इसके लिए उन्हें मना लिया था। डायरेक्टर ने कहा कि उन्होंने उन्हें समझाया था कि दोपहर में कोर्टरूम में बिना बालों के फिर शाम को उन्हें बालों के साथ कैसे दिखाना संभव हो सकता है? निर्देशक ने बताया कि हालांकि उन्होंने इसके लिए मना लिया था, लेकिन वह कुछ दिनों के बाद फिर से उनके पास गए थे और इस पर बात की थी। तब अभिषेक ने उन्हें कहा था कि वह इस पर काम करेंगे।

## 2025 में सबसे ज्यादा सुना गया दो पत्ती का गाना रांझण

**कनिका** ढिल्लों और कृति सैनन निर्मित फिल्म दो पत्ती का गाना रांझण स्पॉटिफाई इंडिया का 2025 का सबसे ज्यादा सुना गया गाना बन गया है। कहानीकार और निमार्ता कनिका ढिल्लों एक और बड़ी उपलब्धि का जश्न मना रही हैं। उनकी हालिया नेटफ्लिक्स थ्रिलर फिल्म दो पत्ती, जो 2024 की सबसे ज्यादा स्ट्रीम की गई फिल्म भी रही, का दिल छू लेने वाला सॉन्ग रांझण अब स्पॉटिफाई इंडिया पर 2025 का सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया गया गाना बन गया है। रांझण, जिसमें परंपरा टंडन की दिलकश आवाज, सचेत-परंपरा का संगीत और कौसर मुनीर के खूबसूरत बोल हैं, पूरे साल प्लेलिस्ट पर छाया रहा और 2025 का सबसे प्रभावी हार्टब्रेक एंथम बन गया। यह सफलता कनिका ढिल्लों के प्रोडक्शन हाउस कथा पिक्चर्स के लिए एक बड़ी जीत है, जिसने कृति सैनन की ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के साथ मिलकर दो पत्ती फिल्म निर्मित की। इससे पहले उनकी सह-निर्मित फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की सफलता ने भी कॉन्टेंट क्रिएशन में उनकी मजबूत पहचान बनाई है।



## वनडे सीरीज में हार्दिक पांड्या-जसप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम

**नई दिल्ली:** आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है। टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। माना जा रहा है कि हार्दिक और बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे।

इनसे पहले होने वाले तीन एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। वनडे टीम की घोषणा 4-5 जनवरी को होगी।

# इंडिया- श्रीलंका टी20 : श्रीलंका का क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

आज तिरुवनंतपुरम में शाम सात बजे से खेला जाएगा श्रृंखला का आखिरी टी-20 मुकाबला

,1

**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम:** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करके साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका को मंगलवार को होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा। इस भारतीय जोड़ी ने किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी की और मेजबानों का सर्वोच्च टी-20 स्कोर खड़ा किया। भारत को इस सीरीज में अब तक केवल पांच बल्लेबाजो का ही इस्तेमाल करना पड़ा है। चाहे वे लक्ष्य तय करें या उसका पीछा करें, श्रीलंका रविवार को हसिनी परेरा की शुरूआत से प्रेरणा लेगा, जिसमें उन्होंने



शुरूआती ओवरों में रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी पर आक्रामक प्रहार किया। इससे पहले कि नीलाक्षी डी सिल्वा ने लोअर ऑर्डर में आखरिकार कुछ रन जोड़े।

श्रीलंका चाहेगा कि भारतीय क्षेत्ररक्षकों से मिलने वाले किसी भी जीवनदान का फायदा उठाया जाए, क्योंकि इस सीरीज में भारतीय क्षेत्ररक्षक मामले में कमजोर दिखे है। पहले मैच में उन्होंने पांच कैच छोड़े और चौथे मैच में दो जो दोनों टीमों के बीच के फासले को कम करने में मेहमानों की मदद कर सकता है। श्रीलंका बल्लेबाजी में ओपङ्कूषनग में कप्तान चामरी अटापट्टू और हसीना पेरना से बड़ी साझेदारी की उम्मीद करेगा। रविवार को हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने अच्छी साझेदारी कर टीम को जीत की उम्मीद जगाई थी, लेकिन बाद के बल्लेबाज उसे भुना नहीं सके। इस सीरीज में शेफाली वर्मा ने 185.82 की स्ट्राइक रेट से 236 रन बनाए हैं। उनके बाद सीरीज में सबसे अच्छी स्ट्राइक रेट (न्यूनतम 50 रन) जेमिमाह रॉड्रिग्स की 140.54 है। शेफाली ने शुरूआत में श्रीलंका द्वारा अजमाए गए हर संभव गेंदबाजी मिश्रण को तहस-नहस किया है। मंगलवार को होने वाले मैच में उनसे एक और शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

**भारत**— हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, जी कमलिनी, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका**— चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

# लखनऊ में 170 भेड़ों की रहस्यमयी मौत से हड़कंप,सीएम योगी ने दिया हाईलेवल जांच का आदेश



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के आसपास करीब 170 भेड़ों की अचानक मौत से हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों और पशुपालकों में भी चिंता बढ़ गई है। कुछ दिन पहले इसी इलाके में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में भेड़ों की मौत सामने आई। इतनी बड़ी संख्या में जानवरों की मौत को लेकर जहर दिए जाने या गंभीर लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।

दर्ज कराई गई शिकायतः इस मामले में मड़ियांव थाने में लिखित शिकायत दी गई है। आसरा द हेल्पिंग हैंड्स ट्रस्ट नाम की एनजीओ की संस्थापक चारु खरे ने पुलिस को बताया कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के आसपास चरने वाली करीब 170 भेड़ों की अचानक मौत हो गई। चारु खरे ने आशंका जताई है कि भेड़ों ने या तो किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया या फिर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर जहर दिया हो सकता है।

पोस्टमार्टम की मांगः चारु खरे ने इस घटना को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया। उन्होंने मांग की कि सभी मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराया जाए, ताकि मौत के असली कारण सामने आ सकें। उन्होंने कहा कि अगर जांच में लापरवाही या जहर देने की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी संस्था जांच में पूरा सहयोग करेगी।

पुलिस ने शुरू की जांचः घड़ियांव थाने के एसएचओ शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृत भेड़ों के नमूने पोस्टमार्टम और लैब जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि भेड़ों की मौत बीमारी, जहरीले पदार्थ या किसी अन्य कारण से हुई है।

## वैष्णव देवी : अब पंजीकरण के 24 घंटे में पूरी करनी होगी यात्रा



**एजेंसी/ जम्मूः** नव वर्ष समारोह और तीर्थयात्रियों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए श्रीमाता वैष्णव देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें दोहराया गया है कि तीर्थयात्रा करने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए कटड़ा में यात्रा पंजीकरण अनिवार्य है। श्राइन बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कटड़ा पहुंचने पर तीर्थयात्रियों के लिए पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण कदम यात्रा पंजीकरण है, जो कटड़ा बस स्टैंड के पास स्थित यात्री पंजीकरण काउंटर (वाईआरसी) पर किया जाता है। श्रद्धालुओं को आरएफआईडी यात्रा कार्ड प्राप्त होने के 12 घंटों के भीतर अपनी यात्रा शुरू करनी होगी और 24 घंटों के भीतर यात्रा पूरी करके बेस कैंप कटड़ा लौटना अनिवार्य है।

- ▶▶ श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भगदड़ जैसी स्थितियों से बचने के लिए निर्णय
- ▶▶ रेलवे स्टेशन पंजीकरण केंद्र पर रात 12 बजे तक मिलेगा आरएफआईडी कार्ड

पहले आरएफआईडी कार्ड की वैधता केवल यात्रा शुरू करने तक ही सीमित थी, लेकिन अब पहली बार यात्रा पूरी करने की समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है, जिससे भीड़ प्रबंधन में और सुधार होगा। श्राइन बोर्ड प्रशासन ने बताया कि नव वर्ष की प्रत्याशा में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हर साल नव वर्ष से तीन-चार दिन पहले कटड़ा और भवन क्षेत्र में भारी भीड़ जमा हो जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अत्यधिक भीड़भाड़ और भगदड़ जैसी स्थितियों से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कटड़ा रेलवे स्टेशन के पास स्थित यात्रा पंजीकरण केंद्र पर अब रात 12 बजे तक आरएफआईडी कार्ड उपलब्ध रहेगा। पहले यह सुविधा रात 10 बजे तक ही उपलब्ध थी।

### बीएमसी चुनाव में सियासी घमासान

## कांग्रेस के साथ छोड़ने पर भड़की उद्धव सेना कहा, खाता भी नहीं खोल पाएगी पार्टी



**एजेंसी/मुंबईः** बीएमसी चुनाव को लेकर मुंबई में राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। शिवसेना-यूबीटी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नाम का इस्तेमाल करके फायदा उठाया। बीएमसी चुनाव में अकेले उतरने का फैसला करके कांग्रेस ने शिवसेना-यूबीटी की पीठ में छुरा घोंपा है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की ओर से आरएसएस की तारीफ पर आनंद दुबे ने कहा कि कांग्रेस को इस संगठन, उसके अनुशासन और मातृभूमि के प्रति उसके समर्पण से सीखना चाहिए। आनंद दुबे ने कहा कि 2019 से पहले कांग्रेस डूब चुकी थी, जिसे शिवसेना-यूबीटी ने अपने साथ लेकर उसकी मदद की, लेकिन कांग्रेस ने शिवसेना-यूबीटी का नाम छीनने का काम किया।

कांग्रेस मुंबई में भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम के तौर पर काम कर रही है। जब कांग्रेस को पता है कि बीएमसी चुनाव बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, तो अकेले चुनाव क्यों लड़ा जा रहा है? उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस मुंबई में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी और सिंगल डिजिट तक सिमट जाएगी। आनंद दुबे ने यह भी कहा कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका समेत पूरे महाराष्ट्र में 28 नगर निगमों के चुनाव हैं। कांग्रेस को एक-दो सीटों के अलावा कहीं और जीत नहीं मिलेगी, क्योंकि मुंबई में कांग्रेस की कोई असली ताकत नहीं है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा-शरद) की ओर से गठबंधन को लेकर कोई जवाब नहीं मिलने के बाद सोमवार को आगामी पुणे नगर निगम चुनावों के लिए अपने गठबंधन की घोषणा की।

ठाकरे ब्रदर्स ने नहीं किया उम्मीदवारों का ऐलानःबीएमसी चुनावों के लिए नामांकन का एक दिन शेष रह गया है। सोमवार को बीजेपी और कांग्रेस के साथ शरद पवार की एनसीपी ने सूची जारी की, लेकिन ठाकरे ब्रदर्स ने कोई सूची जारी नहीं की।

## इंडिगो बड़ा एलान :एक जनवरी से बढ़ेंगे पायलटों के भत्ते, नए अलाउंस का भी दिया जाएगा लाभ



**नई दिल्लीः** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस समय उड़ानों में कटौती के दौर से गुजर रही है और हालात को संभालने के लिए अब वह अपने पायलट्स को राहत देने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने पायलट्स के भत्तों में बढ़ोतरी और कुछ नए भत्ते शुरू करने का फैसला किया है। ये सभी बदलाव 1 जनवरी से लागू होंगे।

इंडिगो ने घरेलू लेओवर, डेडहेड और नाइट अलाउंस जैसी श्रेणियों में मिलने वाले भत्तों के नियमों में संशोधन किया है। इसके साथ ही पहली बार टेल स्वैप अलाउंस भी शुरू किया जा रहा है। टेल स्वैप उस स्थिति को कहा जाता है, जब किसी पायलट को तय विमान के बजाय किसी दूसरे विमान की उड़ान संचालित करनी पड़ती है। अब तक इसके लिए कोई अतिरिक्त भत्ता नहीं मिलता था, लेकिन 1 जनवरी से यह सुविधा भी दी जाएगी।

कंपनी ने पायलट्स के अलग-अलग भत्तों में 25 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। पहले 10 घंटे 1 मिनट से 24 घंटे तक के घरेलू लेओवर पर कप्तान को 2000 रुपये मिलते थे, जो अब बढ़कर 3000 रुपये हो गए हैं। वहीं, इसी अवधि में फर्स्ट ऑफिसर का भत्ता 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये कर दिया गया है।

24 घंटे से अधिक के हर अतिरिक्त समय के लिए अब कप्तान को 100 रुपये की जगह 150 रुपये और फर्स्ट ऑफिसर को 50 रुपये की जगह 75 रुपये मिलेंगे। नाइट अलाउंस में भी इजाफा किया गया है। अब प्रति रात घंटे के हिसाब से कप्तान को 2000 रुपये और फर्स्ट ऑफिसर को 1000 रुपये दिए जाएंगे।

डेडहेड अलाउंस में भी बढ़ोतरी की गई है। हर ब्लॉक घंटे के हिसाब से यह भत्ता कप्तान के लिए 3000 रुपये से बढ़कर 4000 रुपये और फर्स्ट ऑफिसर के लिए 1500 रुपये से बढ़कर 2000 रुपये कर दिया गया है। डेडहेड उस स्थिति को दशार्ता है, जब पायलट उड़ान संचालित करने के बजाय यात्री के रूप में एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करता है।

सूत्रों के अनुसार, ट्रांजिट के दौरान मिलने वाला भोजन भत्ता भी बढ़ाया गया है। अब कप्तान को 500 रुपये की जगह 1000 रुपये दिए जाएंगे। हालांकि, यह बढ़ोतरी नवंबर में एफडीटीएल नियमों के दूसरे चरण के लागू होने के बाद पायलट्स के भत्तों में की गई कटौती का लगभग 25 प्रतिशत ही मानी जा रही है।

हाल ही में हुए परिचालन व्यवधानों के बाद विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने इंडिगो को 10 प्रतिशत उड़ानें कम करने के निर्देश दिए थे। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के अनुसार, इंडिगो में इस समय कुल 5085 पायलट कार्यरत हैं। यह जानकारी उन्होंने 8 दिसंबर को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी थी। यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब कुछ हफ्ते पहले इंडिगो के कई विमान ग्राउंड हो गए थे और एक ही दिन में लगभग 1600 उड़ानों को रद्द करना पड़ा था।



## कुलदीप सेंगर को नहीं मिली राहत, बेटी ने लगाई न्याय की गुहार; लिखा- अब थक चुकी हूं..,

**नई दिल्लीः** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को सीबीआई की अपील पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर रोक लगा दी है।

इस अदालती फैसले के तुरंत बाद कुलदीप सेंगर की बेटी इशिता सेंगर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक खुला खत साझा कर अपना दर्द बयां किया है। इशिता ने अपने पत्र में परिवार को मिल रही धमकियों और पिछले 8 सालों के संघर्ष का जिक्र करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

इशिता सेंगर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि वह यह पत्र एक ऐसी बेटी के तौर पर लिख रही हैं, जो अब थक चुकी है, डरी हुई है और धीरे-धीरे उम्मीद खो रही है। उन्होंने ताकतवर होने के तमगे पर सवाल उठाते हुए लिखा, लोग हमें ताकतवर कहते हैं, लेकिन यह कैसी ताकत है जो एक परिवार को 8 साल तक बेजुबान बना देती है?

इशिता ने आरोप लगाया कि उनकी पहचान को सिर्फ एक लेबल तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, मेरे शब्द सुने जाने से पहले ही, मुझे सिर्फ एक बीजेपी विधायक की बेटी के रूप में देखा जाता है। इन सालों में सोशल मीडिया पर मुझे अनगिनत बार कहा गया है कि मेरा रेप किया जाना चाहिए, मुझे मार दिया जाना चाहिए। यह अब मेरे लिए रोज की बात हो गई है।

अपने खत में इशिता ने परिवार की मानसिक स्थिति का जिक्र करते हुए लिखा, हमारी गरिमा को टुकड़ों-टुकड़ों में छीना गया है। आठ सालों से हर दिन हमारा अपमान किया गया, मजाक उड़ाया गया और हमें इंसान नहीं समझा गया। हम अब आर्थिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से पूरी तरह थक चुके हैं।

इशिता ने अपने पत्र के अंत में स्पष्ट किया कि वह यह सब किसी को धमकी देने या सहानुभूति बटोरने के लिए नहीं लिख रही हैं। उन्होंने लिखा, मैं इसलिए लिख रही हूं क्योंकि मैं बहुत डरी हुई हूं। मुझे अब भी विश्वास है कि कोई, कहीं मेरी बात सुनने की परवाह करेगा। हम सुरक्षा या कोई एहसान नहीं मांग रहे। हम न्याय मांग रहे हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि हम भी इंसान हैं।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस का पायलट गिरफ्तार मासूम बच्चों के सामने यात्री की तोड़ी थी नाक



**नई दिल्लीः** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर एक यात्री के साथ बदसलूकी और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वीरेंद्र 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' का कर्मचारी है और उस पर सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

सुरक्षा जांच की लाइन और वह खूनी मुक्काः घटना 19 दिसंबर की है जब पीड़ित यात्री अंकित दीवान अपने परिवार (7 साल की बेटी और 4 महीने के बच्चे) के साथ यात्रा पर निकले थे। सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान लाइन में लगने को लेकर पायलट वीरेंद्र और अंकित के बीच बहस शुरू हुई। चश्मदीदों के अनुसार बहस गाली-गलौज तक पहुंची और फिर अचानक पायलट ने अंकित के चेहरे पर जोरदार मुक्का जड़ दिया। मुक्का इतना तेज था कि अंकित की नाक की हड्डी टूट गई । उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा जहां मेडिकल रिपोर्ट में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

म्मासूम बच्चों पर पड़ा गहरा असरः अंकित ने बताया कि यह पूरी घटना उनके नन्हे बच्चों के सामने हुई। पायलट की हिंसक हरकत देखकर उनके दोनों बच्चे बुरी तरह डर गए और रोने लगे। पीड़ित के अनुसार इस घटना ने पूरे परिवार को मानसिक रूप से झकझोर दिया है। बच्चे आजकल सब समझते हैं उन्हें इस सदमे से बाहर निकालना अब सबसे बड़ी चुनौती है, अंकित ने पुलिस को बताया।

सीसीटीवी और गवाहों ने खोली पोलः दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट के सुरक्षा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में आरोपी पायलट साफ तौर पर मारपीट करता दिखाई दिया। वहां मौजूद गवाहों ने भी पुष्टि की कि विवाद को बातचीत से सुलझाया जा सकता था लेकिन पायलट ने शारीरिक हिंसा का रास्ता चुना। पुलिस के अनुसार आरोपी वीरेंद्र को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी उसे तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था।

## अज्ञात वाहन के धक्के से दो युवकों की मौत

**खगड़ियाः** बिहार के खगड़िया जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के मानसी थाना क्षेत्र के एनएच 31 की है। मृतक युवकों की पहचान चकहुसैनी गांव निवासी प्रियांशु कुमार और अंकित कुमार के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में दोस्त थे। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम दोनों दोस्त बाइक से अपने गांव आ रहे थे। इसी दौरान एनएच 31 पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं, इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गांधी परिवार में जल्द बजेगी शहनाई

## प्रियंका गांधी के बेटे रेहान ने गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से की सगाई



**नई दिल्लीः** देश की राजनीति के सबसे चर्चित परिवारों में शुमार गांधी परिवार में एक बार फिर खुशियों का माहौल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी गर्लफ्रेंड अवीवा बेग के साथ सगाई कर ली है। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रेहान और अवीवा पिछले करीब सात साल से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं। हाल ही में रेहान ने अवीवा को शादी के लिए प्रपोज किया था, जिसे लेकर दोनों परिवारों की सहमति के बाद सगाई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेहद सादगी और निजी तौर पर किया गया, जिसमें परिवार के सदस्य और कुछ करीबी लोग ही शामिल हुए।

अवीवा बेग का परिवार दिल्ली में रहता है। बताया जा रहा है कि सगाई समारोह को पूरी तरह निजी रखा गया था और किसी तरह की सार्वजनिक चर्चा से दूर रखा गया।

24 वर्षीय रेहान वाड्रा पेशे से इंस्टॉलेशन और विजुअल आर्टिस्ट हैं। वे डार्क परसेप्शन नाम से अपनी सोलो एग्जीबिशन कर चुके हैं। उन्हें नेचर फोटोग्राफी और घूमने का शौक है। कला और रचनात्मकता के प्रति उनका खास झुकाव रहा है, जबकि राजनीति और सार्वजनिक लाइमलाइट से वे अब तक दूरी बनाए हुए हैं।

रेहान ने अपनी शुरूआती पढ़ाई दिल्ली में की, इसके बाद देहरादून और लंदन से आगे की शिक्षा हासिल की। वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में बहुत कम नजर आते हैं और फिलहाल राजनीति में कदम रखने को लेकर भी कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया गया है।



## तीन दिन के बिहार दौरे पर बीजेपी कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन, पार्टी पदाधिकारियों से करेंगे संवाद

**पटनाः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को तीन दिवसीय प्रवास पर अपने गृह नगर पटना पहुंचे। बांकीपुर के विधायक नवीन का पटना हवाई अड्डे पर पार्टी के विधायकों ने स्वागत किया। इस दौरान जब पत्रकारों ने उनसे उनके पटना दौरे को लेकर सवाल किए तो उन्होंने हाथ जोड़कर अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए।

कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे नितिन नबीनः भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख ने एक बयान जारी कर बताया कि नितिन नबीन तीन दिन तक बिहार में रहेंगे और इस दौरान कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह मंगलवार को कई ह्यह्यस्थानीय कार्यक्रमों'' में हिस्सा लेंगे और पार्टी पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। मयूख के अनुसार, बुधवार को 45 वर्षीय नेता अपने पिता स्वर्गीय नवीन चंद्र सिन्हा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। सिन्हा अपने समय के प्रमुख भाजपा नेताओं में शामिल थे।

2006 में उनके निधन के बाद अब समाप्त हो चुकी पटना सेंट्रल विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उनके पुत्र नितिन नवीन ने जीत दर्ज कर राजनीतिक करियर की सफल शुरूआत की थी। गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले शीर्ष पार्टी पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति ने सभी को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने राज्य में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

न्यूज IN ब्रीफ

## प्रोटोकॉल छोड़कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची बच्चो और आमलोगों के बीच

**जमशेदपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल और कड़े सुरक्षा घेरे के बीच आज एक ऐसा पल आया जिसने हर शहरवासी का दिल जीत लिया। एनआईटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह से वापसी के दौरान, जब महामहिम का काफिला आकाशवाणी चौक से गुजर रहा था, तो सड़क किनारे खड़े बच्चों के उत्साह को देख राष्ट्रपति ने अपना काफिला रुकवा दिया।आमतौर पर राष्ट्रपति का काफिला सुरक्षा कारणों से कहीं रुकता नहीं है, लेकिन अपनी सादगी के लिए मशहूर द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों को हाथ हिलाते देखा तो खुद को रोक नहीं पाईं। काफिला रुकते ही सुरक्षाकर्मी मुस्तैद हो गए, लेकिन राष्ट्रपति बड़ी आत्मीयता के साथ गाड़ी से उतरीं और सीधे बच्चों और महिलाओं के बीच पहुँच गईं।जैसे
ही राष्ट्रपति लोगों के करीब आईं, पूरा इलाका 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयकारों से गूँज उठा। राष्ट्रपति ने करीब 15 मिनट तक वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने छोटे बच्चों को दुलारा और उन्हें हाथ दिखाकर उनका हौसला बढ़ाया।वहां खड़ी महिलाओं से उनका हाल-चाल जाना। आने वाले नए साल 2026 को लेकर उन्होंने सभी शहरवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।आकाशवाणी चौक पर मौजूद लोग इस आकस्मिक मुलाकात से दंग और बेहद खुश थे। स्थानीय निवासियों ने कहा, ₹हमने कभी नहीं सोचा था कि देश की राष्ट्रपति इतनी सादगी से हमारे बीच आकर खड़ी हो जाएंगी। यह हमारे जीवन का सबसे यादगार पल है।₹करीब 15 मिनट तक चले इस आत्मीय मिलन के बाद राष्ट्रपति पुनः अपने काफिले के साथ एयरपोर्ट की ओर रवाना हुईं। इस दौरान सुरक्षा अधिकारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन महामहिम के चेहरे पर अपने लोगों से मिलने की खुशी साफ झलक रही थी।ह्व

## अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए बनेगी कार्ययोजना : डीसी

**धनबाद :** डीसी आदित्य रंजन ने अपने आवासीय कार्यालय में धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल से चोरी गए नवजात के पिता सलीकराम मरांडी से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। डीसी ने कहा कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए जल्द ही कार्ययोजना बनाई जाएगी। वहां की सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। डीसी ने कहा कि अस्पताल से नवजात शिशु चोरी होना अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा नोडल पदाधिकारी सह वरीय प्रबंधक से बात की। साथ ही कहा कि सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए वृहद कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में ऐसी कोई भी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।
मुलाकात के दौरान डीसी ने नवजात के पिता एवं उनके रिश्तेदारों को गर्म कपड़े एवं कंबल भी प्रदान किए। मौके पर रमेश टुडू, नवजात के पिता सलीकराम मरांडी, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डॉ डीके गिंदोरिया, सुरक्षा नोडल पदाधिकारी सह वरीय प्रबंधक डॉ शेखर सुमन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, मीना हेंब्रम व बच्चे के रिश्तेदार मौजूद थे।ह्व

## बंदोबस्त कार्यालय के कर्मचारियों के वेतन का हुआ भुगतान

**जमशेदपुर** : बंदोबस्त कार्यालय के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कर दिया गया है। बीते 5 महीने से इन कर्मचारियों का वेतन बकाया था। बताया जाता है कि उनके वेतन मद में विभाग की ओर से आवंटन ही उपलब्ध नहीं कराया गया था, जिसकी वजह से ऐसी नौबत आई। नवंबर तक का वेतन कर्मचारियों को मिल गया है अब सिर्फ दिसंबर का बकाया है जो अगली चार-पांच दिनों में भुगतान हो जाएगा। इस वजह से अब उनका वेतन भुगतान अद्यतन हो गया है।

## बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ जांच में 390 पर जुर्माना

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के विभिन्न स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ जांच अभियान शुरू है। इससे 390 बिना टिकट यात्री विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों से एक दिन में धाराएं हैं। खड़कपुर रेल मंडल के अनुसार जोन के आदेश पर शुरू जांच में बिना टिकट यात्रियों से 2 लाख 53 हजार 635 रुपये जुमार्ना एक दिन में वसूला गया। जब कोई रेलवे प्रावधान उल्लंघन के आरोप में यात्रा करने वालों पर भी जुमार्ना हुआ है।

## टाटानगर में जुटेंगे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेलवे सलाहकार समिति के पांच सदस्यों की मंगलवार शाम बैठक होगी। इससे ट्रेनों को समय पर चलाने, स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने के अलावा कई अन्य मांगे रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों की सूची में शामिल है। बताया जाता है कि रेल अधिकारी स्टेशन इंप्रूवमेंट ग्रुप के तहत निरीक्षण कर समय-समय पर यात्री सुविधा संसाधनों में सुधार करने के साथ ही नई सुविधा शुरू कराते हैं।

## धनबाद मेडिकल कॉलेज से चोरी गया नवजात 30 घंटे में बरामद, चार गिरफ्तार

धनबाद : धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से शनिवार की रात चोरी किए गए नवजात को 30 घंटे में रविवार की देर रात करीब दो बजे निचितपुर टाउनशिप के बी-टाइप क्वार्टर से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तीनों बच्चा चोर समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें नवजात को अस्पताल से चुराने वाले भूली न्यू बी टाइप क्वार्टर नंबर 19 निवासी बीसीसीएल के जूनियर ओवरमैन कौशल कुमार सिंह, उसकी पत्नी अभिलाषा सिंह, हसीमुद्दीन अंसारी और अस्पताल का आटसोर्सिंग कर्मी इश्तियाक अंसारी शामिल है। बता दें कि शनिवार की रात करीब 8.30 बजे बच्चा चोरी हुआ था।
रविवार को सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद जांच तेज हुई। पुलिस ने घटना के वक्त अस्पताल में एक्टिव मोबाइल की जांच की। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को घंटों खंगाला। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इस क्रम में सबसे पहले दलाल हसीमुद्दीन अंसारी को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ में उसने कौशल कुमार सिंह, उसकी पत्नी अभिलाषा सिंह और इश्तियाक के बारे में बताया। हसीमुद्दीन अवैध तरीके से इश्तियाक के साथ अस्पताल में ही रहता था। इसके बाद पुलिस की टीम रात लगभग 1.30 बजे भूली न्यू बी ब्लॉक स्थित न्यू बी टाइप क्वार्टर में पहुंची। वहां कौशल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ में कौशल ने अपनी पत्नी अभिलाषा और बच्चे का पता बताया। अभिलाषा अपनी मामी के साथ बच्चे को लेकर भूली से निचितपुर टाउनशिप के बी-टाइप क्वार्टर में अपने पति के दोस्त गिरिधारी मंडल के घर चली गई थी। पुलिस निचितपुर पहुंची अभिलाषा, गिरिधारी और उसकी मामी को पकड़ा। वहीं से बच्चे को बरामद किया गया।

# सैलानियों को खूब भाता है देवघर कादूरिस्ट स्पॉट नए साल से पहले लोगों की उमड़ने लगी भीड़

संवाददाता

**देवघर:** आज से दो दिन के बाद नए साल का आगमन शुरू हो जाएगा। नए साल को लेकर अभी से ही लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्यटन स्थल, वॉटर फॉल, डैम जैसे जगहों पर खास भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं, अगर देवघर जिले की बात करें तो यहां पर कई ऐसे पिकनिक स्पॉट हैं, जहां पूरे भारतवर्ष से लोग पहुंचते हैं।
कपकपाती ठंड के बीच भी पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ में कोई कमी नहीं हो रही है। त्रिकुट पहाड़ और नंदन पहाड़ पर सबसे ज्यादा पर्यटक घूमने आते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। असम से पहुंचे पर्यटक अभिजीत ने कहा कि देवघर एक ऐसा शहर है, जहां पर कई पिकनिक स्पॉट हैं। इसके अलावा यहां पर घूमने के लिए भी कई अच्छे स्थान हैं, जो लोगों को काफी आकर्षित करते हैं। वहीं, यूपी से नंदन पहाड़ घूमने आए एक पर्यटक ने कहा कि देवघर के बारे में काफी सुना है। यहां पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ कई ऐसे स्थान हैं जहां का दृश्य काफी मनोरम है।



### भूत बंगला और मछली घर बच्चों का आकर्षण का केंद्र

पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से भी कई इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन की तरफ से पर्यटक स्थलों पर बच्चों के लिए झूले और वोटिंग की व्यवस्था करवाई गई है। इसके अलावा भूत बंगले और मछली घर भी बच्चों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। वहीं, देवघर के कई ऐसे बड़े होटल हैं, जो नए साल को लेकर अभी से ही तैयारियां कर ली हैं। देवघर के आसपास जैसे बुढ़ई पहाड़ और मधुपुर में भी पर्यटकों की काफी भीड़ देखने को मिलती है।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

गौरतलब है कि देवघर देशभर में एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। ऐसे में भारत के साथ-साथ विदेशों से भी पर्यटक देवघर में घूमने के लिए पहुंचते हैं। नए साल को देखते हुए जिले में पुलिस प्रशासन की तरफ से भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले के एसपी सौरभ कुमार की तरफ से ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नए साल के मौके पर पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है।

### प्रशासन की लोगों से अपील

नए साल के मौके पर जिला प्रशासन की तरफ से लोगों से अपील की गई है कि जो भी लोग पर्यटन स्थलों पर घूमने आते हैं, उसे स्वच्छ रखें। अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए मनोरम दृश्य का आनंद लें।

# महर्षि सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का जनक एवं पितामह माना जाता है




संवाददाता

महर्षि सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का जनक एवं पितामह माना जाता है। वे सुश्रुत संहिता के प्रणेता हैं, जिसे भारतीय चिकित्सा पद्धति में विशेष स्थान प्राप्त है। इसके बावजूद हमारे अधिकांश अस्पतालों–चाहे रिम्स हों, सदर अस्पताल हों या निजी अस्पताल–में महर्षि सुश्रुत की तस्वीर या मूर्ति है या नहीं मैं नहीं जानती लेकिन मैं आज तक नहीं देखा है.
आचार्य सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा में अद्वितीय कौशल अर्जित कर उसका विधिवत ज्ञान समाज को प्रदान किया। उन्होंने शल्य चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद के अन्य महत्वपूर्ण पक्षों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।
सैन्य पृष्ठभूमि से होने के कारण जब भी मैं नामकुम स्थित सैन्य अस्पताल जाती हूँ, तो प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थापित महर्षि सुश्रुत की मूर्ति सहज ही मेरा ध्यान आकर्षित करती है। अनुशासन और स्वच्छता के साथ-साथ सिर्फ सैन्य अस्पताल ही नहीं हमारी पूरी डिफेंस ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को भी सहेज कर रखता है।
मेरा मानना है कि सभी अस्पतालों में महर्षि सुश्रुत की तस्वीर या मूर्ति अवश्य लगाई जानी चाहिए तथा चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके योगदान से परिचित कराया जाना चाहिए। किसी भी विषय का गहन अध्ययन तभी संभव है, जब हम यह जानें कि उसकी शुरूआत कब, कैसे और किसके द्वारा हुई। चिकित्सा या शल्य चिकित्सा का अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए यह जानना आवश्यक है कि भारत में इस विद्या की नींव किसने रखी। किसी भी क्षेत्र में ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़कर ही हम अपने विषय को सही अर्थों में समझ सकते हैं। विधि की शिक्षा में ज्यूरिस्प्रूडेंस के माध्यम से संस्कृति और परंपराओं की भूमिका को समझाया जाता है, वैसे ही चिकित्सा शिक्षा में भी अपने मूल स्त्रोतों से परिचय अनिवार्य होना चाहिए.

## गैस रिसाव बना जानलेवा, केंदुआडीह में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत



संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में कई अग्नि और भू-धसान प्रभावित क्षेत्रों में जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का रिसाव जारी है। इसी बीच क्षेत्र में रहने वाले 40 वर्षीय सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि यह मौत गैस रिसाव के कारण हुई हो सकती है। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।
सूचना के अनुसार, सुरेंद्र सिंह नया धौड़ा निवासी थे और जनता मजदूर संघ के सदस्य रहे हैं। बीती रात वे अपने कमरे में सोए हुए थे और सुबह परिजनों ने उन्हें अचेत अवस्था में पाया। उन्हें तुरंत शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (रठटटउळ) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
घटना की सूचना मिलते ही झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि केंदुआडीह में गैस रिसाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इसे रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। संजीव सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन पर केवल कागजी कार्रवाई करने और वास्तविक समाधान नहीं करने का आरोप लगाया।
स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस रिसाव रोकने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। अब तक कुल छह बोरिंग होल किए गए हैं, जिनमें से केवल दो में नाइट्रोजन भरी गई है। इसके बावजूद समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन घटनाओं से लोग भयभीत हैं और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

## रेलवे मेंस कांग्रेस नेता की स्मृति में 75 कर्मचारियों ने किया रक्तदान

जमशेदपुर : मानव जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। टाटानगर में रेलवे मेंस कांग्रेस द्वारा स्वर्गीय अमरेन्द्र मिश्रा के स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन पर टाटानगर रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के मुर्मू नहीं यह बातें कही। ल शिविर में 75 रेल कर्मचारियों ने रक्तदान कर दिवंगत मेंस कांग्रेस नेता को श्रद्धांजलि दी। रक्तदान शिविर की सफलता में जमशेदपुर ब्लड सेंटर एवं प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन ने भी सहयोग किया। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे के संयुक्त महासचिव एसआर मिश्रा ने रक्तदान करने वाले कर्मचारी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि एकत्र रक्त जरूरतमंद के काम आएगा क्योंकि, एक व्यक्ति के रक्त से तीन लोगों की जीवन बचाई जा सकती है।

## कुर्ला एक्सप्रेस ने तीन ट्रेनों को फंसाया

**जमशेदपुर :** कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस करीब 3 घंटे लेट से टाटानगर पहुंची और खुलने के बाद सलगाझुड़ी केबिन पर रुक गई। इससे पीछे से लेट चल आ रही मुंबई हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस और अजमेर संतरागाछी एक्सप्रेस भी टाटानगर में फंस गई। इधर, बिहार उत्तर प्रदेश मार्ग की ट्रेन भी मंगलवार सुबह लेट से टाटानगर पहुंची है। इससे सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में दिक्कत हुई। जबकि चक्रधरपुर टाटानगर मेमू ट्रेन को बेवजह रोकने से यात्रियों ने आक्रोश जताया है ।

# बोकारो में दो दिवसीय प्रांतीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

संवाददाता

**बोकारो :** वनवासी कल्याण केंद्र की ओर से बोकारो में प्रांतीय जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री भूपति श्रीनिवास वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल से देश को सही नेतृत्व और बेहतर भविष्य मिलेगा और ट्राइबल क्षेत्र के बच्चे अवसर पाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित कर पाएंगे। उन्होंने खेल के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा पढ़ाई और उन क्षेत्रों में किये जा रहे काम के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने खेलकूद को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

### खेलकूद की जरूरत एवं उसके महत्व पर जोर

इस दौरान केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री भूपति श्रीनिवास वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ झंडा फहराकर किया। केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री ने इस मौके पर बताया कि वनवासी कल्याण केंद्र की ओर से इस तरह के आयोजन खेलों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री ने ट्राइबल बच्चों के लिए खेलकूद की जरूरत एवं उसके महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को भी स्पष्ट किया, जिसमें खेल को खास तवज्जो देने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम का मानना है कि खेलकूद से ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है।




### सांसद ढुल्लू महतो ने पीएम मोदी की तारीफ की

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि ट्राइबल बच्चों को अवसर मिलना ही चाहिए। वनवासी कल्याण केंद्र इसी मकसद से काम कर रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र से पिछड़े इलाकों से बच्चों को तलाश कर उन्हें तराशा जाए और फिर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका दिया जाए। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के विजन की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। देश को विकास की रफ्तार मिली है, विकास को गति मिली है और विकास क्या होता है? देश की 140 करोड़ की जनता देख रही है।

### आदिवासी बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मौका

बता दें, कि वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 15 जिलों के जनजातीय बच्चे शिरकत कर रहे हैं और यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी। इसके जरिए जहां वनवासी बच्चों को अवसर मिल रहा है। प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। वहीं उनकी प्रतिभा को दिखाने का एक बड़ा मंच मिल रहा है, जो उन्हें भविष्य के लिए और बेहतर करने को प्रेरित कर रहा है।